दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी




आओ रंग जाएं उत्सवी ......

नया दोस्त मिला .......



वर्ष : 11 | अंक : 291 | लखनऊ, 11 अक्टूबर, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## आसमान में गरजेगा स्वदेशी लड़ाकू विमान

# नासिक में 17 अक्टूबर को 'तेजस एमके1ए' की पहली उड़ान का रक्षा मंत्री करेंगे शुभारंभ

*रक्षा मंत्री तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था*

अमन लेखनी समाचार/ राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरोप्रमुख, नई दिल्ली,

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 17 अक्टूबर को नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की सुविधा से स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए की पहली उड़ान का शुभारंभ करेंगे। इस खास मौके पर वह तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। बता दें कि हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था।

वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया

यह विमान ऐरे रडार, स्वयं रक्षा कवच और कई उन्नत प्रणालियों से सुसज्जित है



फाइल फोटो

### वायुसेना की बढ़ेगी ताकत

तेजस एमके1ए स्वदेशी तकनीक से बना एक अत्याधुनिक लड़ाकू विमान है, जो भारतीय वायुसेना की ताकत को और बढ़ाएगा। यह विमान इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (एईएसए) रडार, स्वयं रक्षा कवच, और कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स जैसी उन्नत प्रणालियों से लैस है। यह विमान न केवल तेज और भरोसेमंद है, बल्कि भारतीय वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।

### 62,370 करोड़ का हुआ ऐतिहासिक करार



*बता दें, हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपए का एक बड़ा करार किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना को 97 तेजस एमके1ए विमान मिलेंगे। इन 97 विमानों में 68 सिंगल-सीटर लड़ाकू विमान और 29 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान शामिल हैं। इस करार में संबंधित उपकरण और सपोर्ट सिस्टम भी शामिल हैं। यह करार 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का एक मजबूत कदम है, जो भारत को रक्षा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।*

### पुराने विमानों की जगह लेगा तेजस एमके1ए

*तेजस एमके1ए के शामिल होने से भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन ताकत में काफी इजाफा होगा। यह विमान पुराने पड़ चुके मिग-21 जैसे विमानों की जगह लेगा और वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती देगा। तेजस एमके1ए की उन्नत तकनीक और स्वदेशी डिजाइन इसे भारतीय वायुसेना के लिए एक बढ़िया विकल्प बनाती है। 17 अक्टूबर को नासिक में तेजस एमके1ए की पहली उड़ान भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक गर्व का पल होगा।*

## रक्षा मंत्री ने सिडनी में कुट्टाबुल नेवल बेस का किया दौरा, समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर जोर



**सिडनी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दूसरे दिन सिडनी में एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का एक प्रमुख बेस है। उन्होंने सिडनी हार्बर में एडमिरल हडसन जहाज पर जाकर वहां की आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने फ्लीट बेस ईस्ट का जल दौरा किया। ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री को रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की परिचालन क्षमताओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि सिडनी में ऐतिहासिक और रणनीतिक नेवल बेस एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया। एडमिरल हडसन जहाज पर सिडनी हार्बर की शानदार सुविधाओं से परिचित हुआ। भारत-ऑस्ट्रेलिया नौसैनिक सहयोग को गहरा करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समन्वित समुद्री क्षेत्र जागरूकता से दोनों देशों को लाभ होगा। एचएमएएस कुट्टाबुल नेवल बेस समुद्री क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत उपस्थिति, सक्रियता और रणनीतिक दृष्टिकोण का अहम हिस्सा है। यह ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए प्रशासनिक, प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक्स और आवास केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह फ्लीट बेस ईस्ट का मुख्य संचालन केंद्र है, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर प्रमुख आधार है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

### खबर संक्षेप

#### भारत दौरे पर रहेंगे यूएस राजदूत सर्जियो गोर



**नई दिल्ली।** भारत में नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर एक सप्ताह की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। यह यात्रा 14 अक्टूबर तक रहेगी। गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे रिगास भी यहां आ रहे हैं। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि दोनों 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक (यूएस लोकल टाइम) भारत की यात्रा पर रहेंगे। भारत में अगले राजदूत के रूप में नियुक्त होने के बाद अमेरिकी राजदूत की यह पहली भारत यात्रा है। गोर भारत में सबसे कम उम्र के अमेरिकी राजदूत हैं।

## जयशंकर से मुलाकात के बाद अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने दिया भरोसा

# भारत करीबी दोस्त, इसके खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल कभी नहीं होने देंगे

*अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुताकी ने कहा कि अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्ते चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं*

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली

भारत दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत को अफगानिस्तान का करीबी दोस्त देश बताया और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की मांग की। मुत्तकी ने कहा कि दिल्ली आकर अच्छा लग रहा है और यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर करेगा।

भारत और अफगानिस्तान को संपर्क बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी अन्य देश के खिलाफ नहीं होने देगा। मुत्तकी ने कहा कि जब अफगानिस्तान में हाल ही में भूकंप आया तो सबसे पहले मदद भेजने वाला देश भारत ही था। अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्तें चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्तें मजबूत हो सकें।

### काबुल और नई दिल्ली के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने किया ऐलान

### काबुल में भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा मिला



#### अफगानिस्तान में खनन करेगा भारत

जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान सरकार द्वारा भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान में खनन के लिए आमंत्रित करने का हम स्वागत करते हैं। इस बार आगे चर्चा की जाएगी। व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के हमारे साझे हित हैं। काबुल और नई दिल्ली के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने का ऐलान करते हुए हमें खुशी हो रही है।

#### हवाई संपर्क मजबूत करने पर बनी सहमति

मुत्ताकी ने कहा कि भारत सरकार ने काबुल में अपने दूतावास की तकनीकी उपस्थिति को और मजबूत करने का फैसला लिया है। जल्द ही इस्लामिक अमीरात (अफगानिस्तान) का राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भी दिल्ली पहुंचेगा। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए हवाई संपर्क (एयर कॉरिडोर) को भी मजबूत करने पर सहमति बनी है।

#### राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐलान

*भारत ने अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए काबुल स्थित भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा दे दिया। इसके साथ ही भारत ने आधिकारिक रूप से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐलान किया। जयशंकर ने कहा कि भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*

#### भारतीय विवि में पढ़ेंगे अफगानी छात्र

*डॉ. जयशंकर ने कहा, हमारे शिक्षा-क्षमता विकास कार्यक्रमों से अफगानी युवाओं को लंबे समय से लाभ मिलता रहा है। अब हम भारतीय विश्वविद्यालयों में अफगानिस्तान के छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के अवसरों में इजाफा करने में लगे हुए हैं। भारत ने इसी साल अप्रैल से अफगानी लोगों के लिए वीजा की नई प्रक्रिया की शुरुआत की है। जिसकी वजह से हम बड़े पैमाने पर वीजा जारी कर रहे हैं।*

#### 20 एंबुलेंस उपहार में दीं



भारत ने सद्भावना के तौर पर अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस उपहार में दीं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने प्रतीकात्मक कदम के तौर पर 20 एम्बुलेंस में से पांच व्यक्तिगत रूप से अफगान विदेश मंत्री मुताकी को सौंपीं। इसके साथ ही भारत और अफगानिस्तान ने मिलकर एक 'व्यापार समिति' बनाने का भी निर्णय लिया है।



## गाजा में युद्धविराम समझौता लागू

# मोर्चे पर तैनात इजराइली सैनिक निर्धारित जगहों पर लौट रहे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच बीते दो साल से जारी हिंसक संघर्ष थम गया है। गाजा में ट्रंप की शांति योजना के तहत युद्धविराम समझौता लागू हो गया है। इजराइली सेना ने ट्रंप की शांति योजना पर कहा कि हमास के साथ युद्धविराम समझौत दोपहर 12 बजे से युद्धविराम लागू हो गया है। सैनिक वापस लौट रहे हैं। युद्धविराम समझौता लागू करने के फैसले को इजराइली कैबिनेट में मंजूरी दी गई। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बंधकों की रिहाई के लिए समझौते की रूपरेखा को मंजूरी दे दी है।

**समझौते को इजराइली कैबिनेट ने मंजूरी दी**

#### 2000 फिलिस्तीनी कैदी होंगे रिहा

*हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने बताया कि समझौते के तहत इजराइल लगभग 2000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। मिस्र से लगी सीमा को खोला जाएगा। गाजा में संकटग्रस्त लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इजराइली सेना को वापस बुलाया जाएगा। इजराइली जेलों में बंद सभी महिलाओं और बच्चों को भी रिहा किया जाएगा। अमेरिकी अधिकारी 200 सदस्यीय सैनिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम इजराइल भेजेंगे। अल-हय्या ने कहा कि हम अपने लोगों के खिलाफ युद्ध और आक्रमकता को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंच गए हैं। ट्रंप प्रशासन और मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि युद्ध समाप्त हो गया है।*

#### नेतन्याहू ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

*पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन किया और उन्हें बधाई दी। इस पर इजराइली पीएम ने भी पीएम मोदी का धन्यवाद किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल के प्रति उनके समर्थन के लिए भारतीय पीएम का धन्यवाद किया और दोनों ने घनिष्ठ सहयोग जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।*

## टेक्नो दिग्गज ने 'ओपल' को 15 नए देशों में किया लॉन्च

# अब गूगल से आसानी से बनाइए खुद का वेब एप

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली

टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल ने अपने एआई-आधारित वाइब-कोडिंग एप 'ओपल' को 15 और देशों में लॉन्च करने की घोषणा की है। इस एप की खासियत यह है कि यह यूजर्स को सिर्फ टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के जरिए मिनी वेब एप बनाने की सुविधा देता है। अब यह एप भारत सहित कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया, ब्राजील, सिंगापुर, कोलंबिया, एल साल्वाडोर, कोस्टा रिका, पनामा, होंडुरास, अर्जेंटीना और पाकिस्तान में भी उपलब्ध होगा।

### यह है गूगल ओपल

गूगल का ओपल एक नो-कोड एआई एप बिल्डर है जो यूजर के जरिए दिए गए जानकारी के आधार पर मिनी वेब एप तैयार करता है। यूजर बस यह बताता है कि उसे किस तरह का एप चाहिए और ओपल अलग-अलग गूगल मॉडलों का उपयोग करके उस एप को तैयार कर देता है। एप तैयार होने के बाद यूजर

### भारत, कनाडा सहित कई देशों को उपलब्ध कराई सुविधा




इसके एडिटर पैनल में जाकर एप का विजुअल वर्कफ्लो यानी इनपुट, आउटपुट और जनरेशन स्टेप्स देख सकता है और उसे कस्टमाइज कर सकता है। इसके साथ ही यूजर अपने तैयार एप को वेब पर पब्लिश कर लिंक शेयर भी कर सकता है ताकि दूसरे लोग अपने गूगल अकाउंट से उसे टेस्ट कर सकें।

### नए अपडेट और फीचर्स

गूगल लैब्स की सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर मेगन ली ने ब्लॉग पोस्ट में बताया कि ओपल के साथ गूगल ने कई नए सुधार और फीचर्स भी पेश किए हैं, जैसे- डीबगिंग सिस्टम अब पहले से बेहतर है हालांकि यह अभी भी नो-कोड इंटरफेस पर आधारित है। यूजर्स अब विजुअल एडिटर में वर्कफ्लो को स्टेप-बाय-स्टेप चला सकते हैं। किसी स्टेप में एरर आने पर रियल-टाइम एरर नोटिफिकेशन मिलेगा। स्पीड और परफॉर्मेंस में सुधार किया गया है, अब नया ओपल एप कुछ सेकंड्स में तैयार हो जाता है। अब पैरलेल वर्कफ्लो रनिंग की सुविधा भी दी गई है, जिससे कई स्टेप्स एक साथ चल सकते हैं।

#### कैनवा, फिग्मा और रिप्लिट को मिलेगी कड़ी चुनौती

*गूगल ने जुलाई में अमेरिका में ओपल लॉन्च करके नो-कोड एप डेवलपमेंट के क्षेत्र में कदम रखा था, जहां पहले से कैनवा, फिग्मा और रिप्लिट जैसी कंपनियां सक्रिय हैं। इन सभी का मकसद है कि बिना कोडिंग सीखे यूजर आसानी से एप या प्रोटोटाइप बना सके। भारत सहित अन्य देशों में लॉन्च के साथ, गूगल ओपल अब क्रिएटर्स, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स के लिए एक बेहतरीन टूल बन सकता है, जो एप डेवलपमेंट को पहले से भी अधिक आसान और तेज बनाएगा।*

## दूसरे की तलाश जारी

# सेना के दो कमांडो में से एक का शव बरामद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को एक सैनिक का शव बरामद किया जबकि एक अन्य लापता सैनिक का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को लापता हुए दो सैनिकों में से एक का शव अनंतनाग के कोकेरनाग क्षेत्र के गडोले जंगल से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उसकी मौत 'हाइपोथर्मिया' के कारण हुई। 'हाइपोथर्मिया' ऐसी स्थिति है जब शरीर का तापमान सामान्य से नीचे चला जाता है।

#### मंगलवार को हुए थे लापता

मंगलवार को कोकेरनाग इलाके में तलाश अभियान के दौरान एक विशिष्ट पैरा यूनिट के दोनों कमांडो लापता हो गए। यह अभियान दो दिन पहले अहलान गडोले इलाके में आतंकवादियों के एक समूह के छिपे होने की सूचना के बाद शुरू किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, दोनों सैनिक संचार संपर्क टूटने के बाद लापता हो गए। कमांडो का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टरों को हवाई निगरानी में लगाया गया।

## 'मैं क्राइम ब्रांच का अधिकारी हूं', एक महिला का नाम लेकर मांगने लगा इंफॉर्मेशन; सिपाही को धमकाया

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी के आरोपित अबू साद ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताक एसीपी चौक कार्यालय के हेड पेशी राधे श्याम सिंह को फोन किया। मुकदमे की जानकारी मांगने का प्रयास किया। विरोध पर धमकाते हुए गाली देने लगा। पेशी हेड की तहरीर पर अबू साद के खिलाफ चौक थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसीपी चौक कार्यालय में हेड पेशी पर सिपाही तैनात राधेश्याम सिंह ने बताया कि सात अक्टूबर को रात पौने नौ बजे मोबाइल पर फोन आया। उसने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच का अफसर आशुतोष शर्मा बोल रहा है। उसने शालू वर्मा नाम की महिला का नाम लेते हुए उसके मुकदमे के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की। जब उससे कहा कि इस संबंध में विभाग के अफसरों से बात करें। इस पर वह गाली-गलौज कर धमकी देने लगा और फोन काट दिया। पेशी हेड के मुताबिक शालू वर्मा उन्नाव जनपद के अरसइंदा गुजौली की रहने वाली हैं। उन्होंने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप लगाते हुए अबू साद के खिलाफ ठाकुरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। अबू साद आजमगढ़ के मुबारकपुर का रहने वाला है। पहले मामले की जांच ठाकुरगंज थाने से रवींद्र कुमार द्वारा की गई थी। उसकी रिपोर्ट एसीपी कार्यालय आई थी। पेशी हेड के मुताबिक उन्होंने साक्ष्य के संबंध में बयान दर्ज कराने के लिए दो अक्टूबर को अबू साद को फोन किया था। इसके पूर्व भी पूर्व दारोगा रवींद्र कुमार, मुख्य आरक्षी अरुण कुमार, दारोगा अमर सिंह ने मामले की विवेचना की तो उनसे भी अबू साद ने गाली-गलौज कर अभद्रता की थी। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## किसानों की मांग पर खोले जाएं धान खरीद केंद्र

### खाद्य राज्यमंत्री ने लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने धान और मोटे अनाज की सरकारी खरीद की गति तेज करने के निर्देश दिए हैं। एक अक्टूबर से शुरूआत के बाद अब तक 773 टन धान की खरीद हुई है। मंत्री ने कहा कि किसानों की आवश्यकता और जनप्रतिनिधियों की मांग के हिसाब से क्रय केंद्र अवश्य खोले जाएं। क्रय योजना का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराएं। शुक्रवार को विभागीय समीक्षा बैठक में बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीद के लिए अब तक कुल 3888 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। पश्चिमी उप्र के पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर, अमरोहा, रामपुर, सम्भल, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और हरदोई में खरीद शुरू हो चुकी है। अब तक 150 किसानों से खरीद हुई है। ७वहीं मोटे अनाज की खरीद के लिए बाजरा के 277 क्रय केंद्र, मक्का के 114 और ज्वार के 78 क्रय केंद्रों का अनुमोदन किया गया है। शुक्रवार तक धान विक्रय को 55,711 और मोटे अनाज विक्रय को 7545 किसानों ने पंजीकरण कराया है। मंत्री ने कहा कि धान के लिए चार हजार क्रय केंद्र खोलने का लक्ष्य पूरा करने को तेजी से प्रयास किए जाएं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को दीपावली पर फ्री सिलेंडर रिफिल प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में चिह्नित 10,548 उचित दर दुकानों के सापेक्ष 7439 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं, अब तक प्रदेश में राशन कार्डों के 89.40 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराई जा चुकी है। अगस्त में अनियमितता पर 40 उचित दर विक्रेताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई और 121 के अनुबंध पत्र निरस्त किए गए हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि राशन विक्रेताओं के माह जुलाई और अगस्त के देय लाभांश का भुगतान दीपावली से पूर्व करा दिया जाए। लाभार्थियों की शत-प्रतिशत ई-कवाईसी जाए और अपात्रों के नाम हटाने की कार्रवाई की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद रणवीर प्रसाद, आयुक्त अनामिका सिंह, अपर आयुक्त (स्थापना) कामता प्रसाद सिंह, अपर आयुक्त (आपूर्ति) सत्यदेव उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से मजदूर की दर्दनाक मौत, चालक पर मुकदमा दर्ज......

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अहमदखेड़ाझसिसेंडी मार्ग पर धान कटाई से लौट रहे एक मजदूर की ट्रैक्टर से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है जानकारी के अनुसार अहमदखेड़ा मजरा उत्तरगांव निवासी बिटोला पत्नी नन्हई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति 40 वर्षीय नन्हई बुधवार को गांव के ही आशीष पुत्र स्व. नरेंद्र के यहां धान कटाई का काम करने गया था कटाई पूरी होने के बाद गुरुवार की शाम को वह आशीष के ट्रैक्टर पर सवार होकर घर लौट रहा था बताया जा रहा है कि जैसे ही ट्रैक्टर उत्तरगांव नहर के पास नरेगा तालाब के गेट के समीप पहुंचा अचानक झटका लगने से नन्हई नीचे गिर पड़ा ट्रैक्टर पर मौजूद अन्य लोगों ने चालक आशीष को गाड़ी रोकने के लिए कहा लेकिन उसने लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया इससे नन्हई ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसका सिर कुचल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के साथियों ने हादसे की सूचना परिजनों या पुलिस को नहीं दी घटना की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी बिटोला की तहरीर पर आरोपी चालक आशीष और ट्रैक्टर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है बताया जा रहा है कि मृतक नन्हई परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत यूपी में 'स्वच्छता संवाद'

### योगी सरकार बालिकाओं को दे रही स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता की सीख

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मिशन शक्ति 5.0 के तहत योगी सरकार ने बालिकाओं के स्वास्थ्य और आत्मसम्मान को सशक्त करने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह (3 से 11 अक्टूबर) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सभी महिला व बाल देखरेख संस्थानों में 'व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद' कार्यक्रम ने बालिकाओं में मासिक धर्म स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति नई चेतना जगाई। योगी सरकार के इस पहल ने न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया, बल्कि मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़कर बालिकाओं को आत्मविश्वास और स्वाभिमान की सीख भी दी।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों ने बालिकाओं से खुलकर संवाद किया। सेनेटरी पैड के सुरक्षित उपयोग, उनके उचित निस्तारण और मासिक धर्म से जुड़े मिथकों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चर्चा हुई। बालिकाओं ने बेझिझक अपने सवाल रखे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल और स्पष्ट जवाब दिया। यह संवाद न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि बालिकाओं को यह सिखाने में सफल रहा कि स्वच्छता उनके आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव है। इस कार्यक्रम के जरिए प्रदेश सरकार मासिक धर्म को सामान्य और प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में स्थापित कर समाज में व्याप्त झिझक को तोड़ने में कामयाब हो रही है। स्वच्छता की कमी से होने वाली स्वास्थ्य समस्याएं जैसे संक्रमण और प्रजनन संबंधी जटिलताएं बालिकाओं के भविष्य को प्रभावित करती हैं। मिशन शक्ति के इस प्रयास ने न केवल जागरूकता फैलाई, बल्कि बालिकाओं को यह विश्वास दिलाया कि वे अपने स्वास्थ्य और सम्मान के लिए स्वयं निर्णय ले सकती हैं। योगी सरकार का यह अभियान नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है। व्यक्तिगत स्वच्छता पर केंद्रित यह संवाद बालिकाओं के सुनहरे भविष्य की नींव रख रहा है, जहां स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और स्वाभिमान उनके जीवन का आधार बनेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जोहरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता पर जागरूकता बालिकाओं के संपूर्ण विकास का अभिन्न हिस्सा है। मासिक धर्म स्वच्छता पर खुलकर संवाद समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाएगा। मिशन शक्ति 5.0 के तहत योगी सरकार बालिकाओं को न केवल शिक्षित और आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और सम्मान को प्राथमिकता दे रही है। बता दें कि प्रदेश में संचालित 131 बाल देखरेख संस्थानों, 8 महिला शरणालयों, एक संरक्षण गृह और मानसिक मंदित महिलाओं के लिए प्रकोष्ठ के माध्यम से विपरीत परिस्थितियों में फंसी बालिकाओं और महिलाओं को आश्रय, कौशल विकास और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य हो रहा है। यहां रह रही महिलाएं और बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। मिशन शक्ति 5.0 के पांचवें चरण में 22 सितंबर से 10 अक्टूबर तक 14.64 लाख से अधिक लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें महिलाएं, पुरुष, बालक और बालिकाएं शामिल हैं।

## भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**




पीजीआई। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में हिंदी पखवाडा (14-30 सितंबर, 2025) का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को हिंदी पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता डॉ टी दामोदरन, निदेशक, भा.कृ.अनु.प. केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ ने किया, उन्होने राजभाषा हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ने से खुशी जाहिर की साथ ही उन्होने कार्यालयी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को और बढ़ाने पर जोर दिया संस्थान के डॉ दिनेश सिंह, निदेशक ने संस्थान के दद्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की चर्चा किया। पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के 93 कार्मिकों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रमाण पत्र एवं परितोषिक राशि संस्थान के निदेशक महोदय ने प्रदान किया। इस अवसर पर राजभाषा प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं एवं संस्थान द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संस्थान के आयोजित प्रतियोगिताओं जैसे- यूनिकोड में हिंदी टंकण, भाषण प्रतियोगिता, भारतीय अर्थव्यवस्था पर टैरिफ वार चुनौती या अवसर, टिप्पणी एवं परिपत्र लेखन, अंत्याक्षरी प्रतियोगिता, हिंदी के सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता, स्वरचित हिंदी कविता पाठ, कृषि विषय से संबंधित 15 स्लाइडों में प्रस्तुतीकरण, कार्यालयी उपयोग में आने वाली सामान्य नियमावली का 15 स्लाइडों में प्रस्तुतीकरण, वर्ष भर में किए गए हिंदी कार्य की समीक्षा एवं पूरे वर्ष के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विभागों एवं कृषि विज्ञान केंद्र एवं हिंदी कार्यशाला इत्यादि में संस्थान के लगभग 150-170 कर्मिकों ने भाग लिया। पखवाड़ा के दौरान दिनांक 26.09.2025 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। समापन समारोह का संचालन अभिषेक कुमार सिंह ने किया।

## माध्यमिक विद्यालयों में 60 दिन चलेगा तंबाकू मुक्त अभियान

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊः प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में 60 दिन तक तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सभी शिक्षण संस्थानों को पूरी तरह तंबाकू मुक्त बनाना है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने शुक्रवार को सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वेक्षण 2019 के अनुसार, 13 से 15 वर्ष की आयु के करीब 8.4 प्रतिशत बच्चे अभी भी तंबाकू का सेवन करते हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि सिगरेट, बीड़ी या धुआं रहित तंबाकू का सेवन बच्चे 10 से 11 वर्ष की उम्र में ही शुरू कर देते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि लड़कियों में तंबाकू सेवन की शुरूआत लड़कों से पहले होती है। इन्हीं चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने नौ अक्टूबर से तंबाकू मुक्त युवा अभियान-3 की शुरूआत की है। इसे विभिन्न विभागों के सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। चिकित्सा व स्वास्थ्य महानिदेशक की ओर से इस संदर्भ में आठ अक्टूबर को सभी शिक्षण संस्थानों में विशेष अभियान चलाने की अपेक्षा की गई थी। अब माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि वे सभी माध्यमिक विद्यालयों में छह दिसंबर तक तंबाकू मुक्त वातावरण तैयार करें। इसके लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन के सहयोग से प्रवर्तन अभियान भी चलाया जाएगा। विद्यालयों के चारों ओर 100 गज की परिधि में तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा। सड़क किनारे लाल रेखा खींचकर या बोर्ड लगाकर यह सूचना दी जाएगी कि यहां तंबाकू उत्पादों की बिक्री या सेवन प्रतिबंधित है। साथ ही, विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर, भाषण, निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सभी गतिविधियों की फोटो और रिपोर्ट आनलाइन लिंक के माध्यम से अपलोड करनी होगी। यह अभियान न केवल छात्रों को तंबाकू से दूर रखने में मदद करेगा, बल्कि स्वस्थ और सुरक्षित विद्यालय वातावरण बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

## यूपी पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला, योगी सरकार ने जारी किया आदेश

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। पुलिस विभाग में चार आइपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए है। डीजीपी मुख्यालय ने उनकी तबादला सूची जारी की है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात पुलिस उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव को एसपी सुरक्षा मुख्यालय के पद पर तैनाती दी गई है। डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध एसपी विक्रांत धीर को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट बनाया गया है। 28वीं वाहिनी, इटावा के सेनानायक अनिल कुमार सिंह को एसपी सुरक्षा मुख्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा एसपी सीआइडी लखनऊ अनिरुद्ध कुमार को 28वीं वाहिनी, इटावा का सेनानायक बनाया गया है।

## अनुदेशकों के शैक्षणिक प्रमाणपत्रों का 31 को सत्यापन

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 42 व्यवसायों में अनुदेशकों के 855 पदों के लिए चयन प्रक्रिया पूरी करते हुए 717 अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम छह मई को जारी किया था। इनमें से 18 अभ्यर्थियों के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के सत्यापन और व्यक्तिगत सुनवाई के लिए आयोग के पिकअप भवन में 31 अक्टूबर को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। इन अभ्यर्थियों के रोल नंबर आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

## राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबाल में उत्तर प्रदेश के बालकों का दबदबा, लगातार दूसरी बार चैंपियन

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊः राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबाल में उत्तर प्रदेश के बालकों का दबदबा कायम है। बीते वर्ष की चैंपियन उत्तर प्रदेश ने देहरादून में आयोजित 50वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबाल चैंपियनशिप के फाइनल में झारखंड को पराजित किया। उत्तर प्रदेश के साहिल को चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

उत्तर प्रदेश की टीम बालक टीम राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबाल चैंपियनशिप लगातार तीन वर्ष से धमाकेदार प्रदर्शन कर रही है। दो बार चैंपियन बनी और एक बार उप विजेता। उत्तर-प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगियों को बधाई देने के साथ दस-दस हजार रुपये देने की घोषणा की है।

फाइनल मैच में झारखंड के खिलाफ उत्तर प्रदेश के बालकों ने अंतिम क्षणों में छह अंक से पीछे रहने के बाद जोरदार वापसी की और 60-58 से जीत दर्ज की। फाइनल बहुत ही रोचक रहा, दोनो टीमें एक-दूसरे पर बढ़त बनाती और उतारती रहीं। तीन मिनट शेष रहते उत्तर प्रदेश की टीम छह अंक से पीछे थी। इसके बाद टीम ने जोरदार वापसी की और दो अंक से विजयश्री रही।

सेमीफाइनल मे शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को 84-60 और क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की टीम को 90-42 से पराजित किया था। इससे पहले चैंपियनशिप के पूल ए के लीग मैच में उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र को 66-40 से, हरियाणा को 80-68 से, पंजाब को 89-50 और तमिलनाडु को 70-42 से पराजित कर पूल टाप किया। उत्तर प्रदेश सब-जूनियर टीम के कोच उमर मिर्जा पिछले तीन वर्षों से लगातार टीम के साथ मेहनत कर रहे हैं और निरंतर पदक दिला रहे हैं।

## ऑपरेशन 'प्रहार' में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### एसीपी रजनीश वर्मा की अगुवाई में चला अभियान......

**अमन लेखनी समाचार**



नगराम। त्योहारी सीजन में अवैध पटाखों के निर्माण भंडारण और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए थाना नगराम पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है पुलिस आयुक्त लखनऊ श्री अमरेन्द्र सिंह सेंगर के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत शुक्रवार को नगराम पुलिस ने एक बार फिर क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया यह पूरा मोहनलालगंज रजनीश वर्मा की अगुवाई में संचालित किया गया उनके नेतृत्व में थाना नगराम पुलिस टीम ने लगभग 70 पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग व तलाशी अभियान चलाया।

अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 10 घरों की तलाशी ली और कई स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों की जांच की इस दौरान तीन संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से लाइटर पिस्टल बरामद की गई, जिनसे पुलिस द्वारा गहन पूछताछ जारी है इसके अलावा अवैध पटाखों के निर्माण व बिक्री से जुड़े स्थानों पर भी छापेमारी की गई।

बताते चलें कि ऑपरेशन प्रहार के तहत ही कुछ दिन पहले थाना नगराम पुलिस ने अवैध पटाखों के बड़े जखीरे का खुलासा किया था उस कार्यवाही में पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था यह हालिया तलाशी अभियान उसी श्रृंखला की अगली कड़ी है जिसका उद्देश्य क्षेत्र से अवैध पटाखा कारोबार को पूरी तरह समाप्त करना है इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध पटाखा व्यापार एवं अपराध प्रवृत्तियों पर नियंत्रण स्थापित करना त्योहारी सीजन में संभावित दुर्घटनाओं को रोकना तथा क्षेत्र में शांति सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।

थाना नगराम प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार अभियान आगे भी जारी रहेगा अपराधियों और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई जाएगी।

## सर्प दंश से पोते की मौत के सदमे में दादी ने भी तोड़ा दम.....

### सांप के काटने से दस दिन पहले हुई थी साथ वर्षीय मासूम की मौत, बेटे की याद में रोती रहती थी दादी

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। निगोहां क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया जहां इकलौते पोते की मौत का गम एक बुजुर्ग दादी बर्दाश्त नहीं कर सकीं पोते की मौत के महज दस दिन बाद ही दादी ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया दादी की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार निगोहां कस्बे निवासी अनवर दिल्ली में रहकर सिलाई का कार्य करते हैं उनके परिवार में पत्नी रुकसाना इकलौता बेटा सात वर्षीय अरमान उर्फ राजा भइया और उनकी माता बिलकिश निगोहां गांव में ही रहते थे अरमान अपनी दादी बिलकिश का लाड़ला था दादी का दिन उसके साथ खेलते, पढ़ाते और स्कूल छोड़ने-लाने में ही गुजरता था बीते 29 सितम्बर की रात अरमान जब अपने घर में सो रहा था तभी अचानक उसे एक सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई अरमान की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया था घर के इकलौते चिराग के बुझ जाने से दादी बिलकिश पूरी तरह टूट गईं परिजनों के अनुसार पोते की मौत के बाद से बिलकिश रोज रोती रहती थीं पोते की तस्वीर देखकर घंटों तक उसके नाम पुकारती रहतीं गुरुवार रात को भी वे अरमान को याद कर रही थीं कि अचानक सीने में दर्द उठा परिजन आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया परिजनों का कहना है कि पोते की मौत के सदमे में ही दादी की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही थी और संभवतः हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई। गांव में बुजुर्ग दादी की मौत की खबर फैलते ही हर किसी की आंखें नम हो गईं लोग यह कहने से खुद को रोक नहीं पा रहे कि ह्लजिस पोते के बिना जी नहीं पा रही थीं आखिर उसी के पीछे दादी भी चली गईं गांव में शुक्रवार को बिलकिश का अंतिम संस्कार किया गया जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी स्थानीय लोगों ने इसे ममता और मोहब्बत की मिसाल बताया दादी को अपने पोते के बिना दुनिया अधूरी लग रही थी।

## फेसबुक लाइव पर जातिसूचक टिप्पणी, युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ। सोशल मीडिया पर जातिसूचक टिप्पणी करने के मामले में मलिहाबाद पुलिस ने एक युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। माल थाना क्षेत्र के गोपरामऊ मुंशीखेड़ा निवासी भारतीय समन्वय संगठन (लक्ष्य) के कमांडर आजाद करन गौतम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार सुबह वे फेसबुक पर लाइव कर रहे थे। इस दौरान मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर तालुकेदारी निवासी सचिन यादव नामक युवक ने उनके लाइव सेशन पर कई बार जातिसूचक और अभद्र टिप्पणियां कीं। शिकायतकर्ता के मुताबिक, सचिन यादव ने जानबूझकर समाज में वैमनस्य फैलाने और शांति व्यवस्था भंग करने के इरादे से ऐसे शब्दों का प्रयोग किया। इन टिप्पणियों से न केवल उनकी मानहानि हुई, बल्कि समाज की भावनाएं भी आहत हुईं। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर सचिन यादव के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अचानक से पहुंची बिजली विभाग की टीम और काट दिया कनेक्शन

### यूपी के कई जिलों में चल रहा अभियान

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। बिजली चोरी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को चलाए गए अभियान में फिर बिजली चोर पकड़े गए। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चलाए गए अभियान में लखनऊ के अलावा रायबरेली, अमेठी व बरेली में भी बिजली चोर पकड़े गए। इन जिलों से विजिलेंस टीम ने 61 किलोवाट की चोरी पकड़ी। सभी बिजली चोरों के कनेक्शन काट दिए गए हैं और मीटर जब्त करते हुए बिजली थानों में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक उपभोक्ता लक्ष्मी, निवासी बड़ा भरवारा चिनहट जनपद लखनऊ द्वारा परिसर में सर्विस केबिल को मीटर से पहले काटकर चोरी की जा रही थी। यहां जांच में छह किलोवाट चोरी मिली। नवाब साहब की गली नरही में उपभोक्ता चुन्नी अपने परिसर पर पोल से डायरेक्ट केबिल जोड़कर 12 किलोवाट विद्युत भार का उपभोग करते पायी गई। रायबरेली के जगतपुर बाजार थाना जगतपुर में उपभोक्ता शिवप्रसाद गुप्ता द्वारा मीटर बाईपास करके 10 किलोवाट की चोरी की जा रही थी। अमेठी के ग्राम राजापुर कौहार थाना गौरीगंज में उपभोक्ता सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय के परिसर में छह किलोवाट चोरी मिली। ग्राम लक्ष्मी नगर देवकली चौराहा थाना गौरीगंज के उपभोक्ता मो. फारूक मीटर को बाईपास करके छह किलोवाट की चोरी करते हुए पाए गए। हरदोई में ग्राम गढ़ी चांद थाना शाहाबाद के उपभोक्ता तौसिफ व आसिम के यहां पांच-पांच किलोवाट की चोरी पायी गई। बरेली के कब्रिस्तान वाली गली जोगी नवादा थाना बारादरी निवासी उपभोक्ता आयश बी पत्नी परवेज अहमद के परिसर में पांच किलोवाट की अनियमितता मिली। बदायूं में उपभोक्ता अंकुर के परिसर में छह किलोवाट की बिजली चोरी पायी गई।

## संक्षेप

### बार एसोसिएशन चुनाव सभी पदों के लिए उम्मीदवारों ने कराया अपना अपना नामांकन

पुरवा, उन्नाव। बार एसोसिएशन पुरवा के वार्षिक चुनाव सत्र 2025-26 हेतु दो दिवसीय नामांकन के पश्चात सभी पदों के लिए प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया। अध्यक्ष पद के लिए चार व महामंत्री के लिए दो प्रत्याशियों ने अपना पर्चा भरा। स्थानीय बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु दो दिनों के नामांकन के पश्चात अध्यक्ष पद के लिए रामविष्णु वर्मा एडवोकेट, शिवानंद बाथम एडवोकेट, श्यामलाल सोनी एडवोकेट, सुनील कुमार शर्मा तथा महामंत्री पद के लिए सुमेर सिंह एडवोकेट व सियाराम रावत एडवोकेट, उपाध्यक्ष हेतु रामदास एडवोकेट, विनोद कुमार यादव एडवोकेट, आनंदकंद एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु दो नामांकन, कनिष्ठ में दो, संयुक्त मंत्री में दो, संगठन मंत्री में तीन, कोषाध्यक्ष में मात्र एक नामांकन रामकृष्ण गौतम तथा सदस्य में आठ प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया। मुख्य चुनाव अधिकारी रमाशंकर एडवोकेट, सहायक चुनाव अधिकारी रामलखन यादव एडवोकेट व श्याम प्रकाश प्रजापति एडवोकेट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी दी।

### आतिशबाजी दुकानों एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

पुरवा, उन्नाव। एसडीएम व सीओ ने कस्बा समेत क्षेत्र की आतिशबाजी दुकानों का निरीक्षण किया। साथ ही स्टाक व लाईसेंस की जांच-पड़ताल की तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। करवा चौथ व आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव व सीओ तेज बहादुर सिंह ने क्षेत्र के पासाखेड़ा, बैंगाव तथा कस्बा स्थित निशार समेत आतिशबाजी की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाईसेंस, स्टाक आदि की जानकारी ली। साथ ही सुरक्षा हेतु आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की तथा उचित दिशा-निर्देश दिए। आपको बता दें कि शुक्रवार को करवा चौथ के मद्देनजर बाजारों में आतिशबाजी समेत आवश्यक सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं।

### उप मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर नगर व क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

बांगरमऊ, उन्नाव। उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय उप मुख्यमंत्री मा० बृजेश पाठक जी से आज शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के पूर्व अध्यक्ष इजहार खां गुड्डू ने शिष्टाचार भेंट कर नगर व क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मालूम हो कि जनपद हरदोई के कस्बा मल्लावां में स्व० डॉ सुरेश पाठक एवं स्व० सुभाष चंद्र पाठक की पुण्य स्मृति में विशाल करवा चौथ दंगल का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रमुख समाजसेवी राजेश पाठक द्वारा किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जाते समय लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के नीचे हरदोई उन्नाव रोड पर बने अण्डरपास पर नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी इजहार खां गुड्डू ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से शिष्टाचार मुलाकात की।

# मिशन शक्ति के तहत छात्रा को बनाया गया एक दिन के लिए प्रधानाचार्य

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के ऊंचगांव चौराहे पर स्थिति केशव हरि राम सरस्वती शिशु मंदिर में 1 दिन के लिए कक्षा 8 की छात्रा को मिशन शक्ति के तहत प्रधानाचार्य अवनेंद्र सिंह की जगह पर छात्रा वैष्णवी यादव को नव नियुक्त किया गया चयनित वैष्णवी यादव पुत्री विवेक कुमार यादव निवासी दुर्जनपुर पोस्ट चहोत्तर जनपद रायबरेली की है स्कूल के अध्यापकों के उपस्थित रजिस्टर चेक किया विद्यालय में पहुंचे अभिभावक पारुल शर्मा ने अपनी पुत्री अनुश्रेया विश्वकर्मा कक्षा प्रथम की छात्रा है जिसने कक्षा अध्यापक की शिकायत प्रधानाचार्य वैष्णवी यादव से की होमवर्क ना देने की शिकायत की एवं विद्यालय कक्षा में पीछे बैठने की समस्या बताइ प्रधानाचार्य के द्वारा बताया गया समय से अविलंब आने पर अभ्यर्थी को जो स्थान होता है वहां बैठने की जगह दी जाती है समय से पहले आने पर आगे की सीट खाली होती तो वहां बैठने की इजाजत दी जाती है अभिवावक के द्वारा विद्यालय में छुट्टी होने के दौरान बच्चों को सड़क पर ट्रैफिक अधिक होने पर सड़क पार न कराने पर अध्यापकों की शिकायत की जिस पर प्रधानाचार्य वैष्णवी यादव ने तुरंत अध्यापकों को बुलाकर डांट और फट्टकार लगाई इसी कड़ी में भोजन प्रमुख श्रध्दा ने प्रधानाध्यापिका वैष्णवी यादव से कक्षा 7 में लंच टाइम से पहले भोजन करने की शिकायत पर 5 छात्राओं की प्रधानाध्यापिका ने अभ्यार्थियों को आफिस में बुलाकर समझाया और कहा लंच होने पर भोजन मंत्र के बाद भोजन करें दोबारा गलती न करने हिदायत दी

वैष्णवी का शिक्षा समय

- **कक्षा – आरूण में कक्षा में टापटेन में 9वां स्थान**
- **कक्षा – उदय में टापटेन में 7 वां स्थान**
- **कक्षा – प्रथम में टापटेन तृतीय स्थान**
- **कक्षा – द्वतीय में कोविड 90 के कारण कक्षा उन्नति हुई**
- **कक्षा – तृतीय उपरोक्त**
- **कक्षा – चतुर्थ में प्रथम स्थान प्राप्त किया**
- **कक्षा – पंचम में प्रथम स्थान प्राप्त किया**
- **कक्षा – षष्ठम में प्रथम स्थान प्राप्त किया**
- **कक्षा – सप्तम में प्रथम स्थान प्राप्त किया**

विद्यालय प्रबंधक चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा , रामनरेश,सतीश मिश्रा, सुमित कुमार,सतीश अवस्थी,चन्द्रभूषण, विनीत,विनोद, रामपाल आदि लोगो ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया ।

# सड़क निर्माण में लापरवाही, गड्ढों पर केवल बजरी डाल भागे ठेकेदार

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। ब्लॉक क्षेत्र के फरहदपुर से चंदौली, सेमरामऊ, सन्दाना मार्ग होते हुए नारायनपुर से भौली को जोड़ने वाले मार्ग की मरम्मत कार्य में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है। ठेकेदारों ने गड्ढों पर सिर्फ हल्की बजरी डालकर बिना रोलर चलाए ही कार्य अधूरा छोड़ दिया। परिणामस्वरूप सड़क की सतह जगह-जगह से उखड़ने लगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिना रोलर से दबाए सड़क बनाना गुणवत्ता मानकों के विरुद्ध है, जिससे भ्रष्टाचार की बू साफ झलक रही है। विकास की दिशा में अग्रसर सरकार की छवि ऐसे लापरवाह ठेकेदारों की कार्यशैली से धूमिल होती जा रही है।

बताया गया कि यह मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्माण एवं रखरखाव में है। इस मार्ग की मरम्मत का कार्य पीएमजीएसवाई खंड, पीआईयू प्रथम, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उन्नाव द्वारा कराया जा रहा है।

अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से जांच कर दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# ट्रक चालक की सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक सड़क हादसे में ट्रक चालक महेश (45) की मौत हो गई। वह अपने ट्रक का शीशा साफ कर रहे थे, तभी पीछे से आए एक डंपर ने अचानक रिवर्स गियर में आकर उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महेश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक महेश सीतापुर जिले के सघना थाना क्षेत्र के निवासी थे। वह पेशे से ट्रक चालक थे और काम के सिलसिले में उन्नाव आए हुए थे। घटना अचलगंज थाना क्षेत्र के एक ढाबे पर हुई, जब महेश अपना ट्रक खड़ा कर शीशा साफ कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए रिवर्स किया और महेश को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद अन्य ट्रक चालकों और ढाबा कर्मियों ने घायल महेश को बाहर निकाला। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचलगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। महेश अपने पीछे पत्नी श्यामलता, 10 वर्षीय बेटी पीहू और 8 वर्षीय बेटे आशी को छोड़ गए हैं। वह अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की बात कही है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई मृत्यु का प्रतीत होता है। आगे की कार्रवाई जारी है।

# सड़क व नालियों की बदहाल स्थिति से नाराज महिलाओं ने नगर पालिका कार्यालय का किया घेराव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नगर पालिका क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी से परेशान महिलाओं ने शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया। हजारी टोला मोहल्ले की दर्जनों महिलाएं हाथों में तख्तियां और शिकायत पत्र लेकर पहुंचीं और सड़कों तथा नालियों की बदहाल स्थिति पर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप था कि उनके क्षेत्र की सड़कें वर्षों से टूटी पड़ी हैं और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बरसात के बाद गलियों की हालत और भी खराब हो गई है, जिससे कीचड़ और गंदगी के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जिससे बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानी होती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कार्यपालक अधिकारी (ईओ) नगर पालिका को संबोधित एक शिकायत पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने सड़कों और नालियों की समस्या के जल्द समाधान की मांग की। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि कुछ दिनों में काम शुरू नहीं हुआ, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। सूचना मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि भानु मिश्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं से बातचीत की, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि हजारी टोला सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों की सड़कों और नालियों का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदारों और अभियंताओं को निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि बारिश से पहले प्राथमिक मरम्मत कार्य कराया जा सके।

# पुलिस ने अवैध पटाखों का पकड़ा जखीरा, चार गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली पुलिस ने कस्बा की मुख्य बाजार के चार जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का अवैध भंडारण पकड़ा आरोपी व सामग्री को अपने हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू की । कोतवाली पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस टीम राहतगंज बाजार निवासी रामसागर पुत्र बुद्धीलाल के घर पहुची जहा दयमार व पटाखे मिले । इसके बाद बबर अली खेड़ा में सीबू गुप्ता व श्याम जी गुप्ता पुत्रगण सुंदर लाल गुप्ता के घर पहुचे जहा तलाशी के दौरान पुलिस को अलग थैलों में फुटकर सीको पटाखे, दयमार, जलेबी आदि विस्फोटक सामग्री मिली । मोहल्ला सराय सूबेदार निवासी अनिकेत गुप्ता पुत्र मोती गुप्ता के घर से पुलिस ने गत्ते में पैक अलग-अलग तरह के विस्फोटक बरामद किए अनिकेत पर 2024 में भी अवैध रूप से भंडारण करने का मुकदमा दर्ज हुआ था पुलिस को बड़ी सफलता मोहल्ला सराय सूबेदार निवासी अवधेश गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता के गोदाम की तलाशी में एक बोरी सुतली गोला , पटाखा, जलेबी, दयमार आदि सामग्री मिली जो बड़ा खतरा बन सकती थी प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है सुरक्षा को देखते आगे भी ये कार्यवाही चलती रहेगी

# ससुराल गए युवक का ट्रेन की पटरी पर मिला शव,पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नाराज पत्नी को बुलाने ससुराल आए युवक का शव ट्रेन की पटरी पर मिला। सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग उन्नाव जिला के लिए रवाना हो गए। बेटे की मौत खबर के बाद से पिता की हालत बिगड़ गई है। वहीं ससुरालियों पर अभी तक लिखित में कोई आरोप परिजनों ने नहीं लगाया है. हरदोई जनपद के माधोगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रुड़ामऊ निवासी अरविंद (38) पुत्र सीताराज की ससुराल जिला उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव करीमुद्दीनपुर है। सन 2012 में शादी हुई थी.जिसके बाद 12 वर्ष का एक बेटा है.2017 से दोनों के बीच विवाद हुआ.उसके बाद से पत्नी नीतू अपने पिता दिलावर के घर पर रह रही थीं. गांव के रामखेलावन ने बताया कि

कल पति अरविंद करवाचौथ त्यौहार को लेकर अपनी पत्नी नीतू को लेने ससुराल पहुंचा था.तभी दोनों के बीच कहासुनी हुई.जिसके बाद आज शुक्रवार सुबह 6 बजे अरविंद का शव रेलवे ट्रैक पर दो हिस्सों में पड़ा मिला.

शव मिलने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वही कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि अभी तक परिजनों तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।फिलहाल जांच की जा रही है। वही ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएं हो रही हैं.बताया जा रहा है पिछले सात सालों नीतू अपने मायके में रह रही थी.कई बार पति अरविंद लेने आया किंतु नीतू पति के साथ नहीं गई.फिलहाल सभी तथ्यों को लेकर गंभीरता से जांच की जा रही है।

# सुहागिन महिलाओं ने चांद की पूजा अर्चना कर तोड़ा अपना व्रत पति की दीर्घायु की कामना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। प्रतिवर्ष की भांति कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सुहागिनों द्वारा करवा चौथ का व्रत रखने की पुरानी परंपरा के साथ सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत रक्खा पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पहली बार माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए यह व्रत रखा था। माता सीता ने भी भगवान श्रीराम के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था। तब से सुहागिनें अखण्ड सौभाग्य हेतु इस व्रत का पालन करती चली आ रही हैं।इस दिन सुहागिनें अपने पति की सलामती और दीर्घायु होने की कामना के साथ दिन भर निर्जला उपवास रख माता पार्वती सहित पूरे शिव परिवार की आराधना करती हैं। इस व्रत में चंद्रमा का विशेष महत्व होता है। चंद्रोदय के पश्चात ही रात्रि के समय व्रत तोड़ा जाता है। व्रती पहले चंद्रमा को अर्घ्य प्रदान करती हैं। तत्पश्चात चलनी से चंद्रमा के साथ पति का चेहरा निहारती हैं।सुहागन महिलाओं ने शुक्रवार को अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जल रहकर करवा चौथ का उपवास किया। देर शाम को चंद्रमा निकलने के बाद चंद्रमा की पूजा की और उसकी आरती उतारी और पतियों की आरती उतारकर छलनी में देखकर उनके हाथों से जल ग्रहण कर अपना उपवास खोला और अपने बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशिर्वाद प्राप्त किया बच्चों बुजुर्गों को मिठाई बाटी बच्चों ने इस त्योहार की खुशी में पटाके सहित फुलझडियां जलाई।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली साईकिल सवार युवक पर पलटी , हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सिकंदरपुर करन ब्लॉक क्षेत्र में ईंट से लदी एक ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे एक साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। यह घटना पोनी गांव के पास हुई। हसनगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले राजू साइकिल से अपने रिश्तेदार से मिलने पोनी गांव जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पोनी गांव की तरफ मुड़ते समय अनियंत्रित हो गई और साइकिल सवार राजू को चपेट में लेकर पलट गई। आसपास के लोगों ने चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद राजू को ट्रॉली के नीचे से बाहर निकाला। उनके सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई थी। लोगों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी। इसी दौरान परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने शव को ले जाने से रोक दिया। परिजन ट्रैक्टर-ट्रॉली के मालिक को बुलाने और मुआवजे की मांग पर अड़ गए। बवाल बढ़ता देख गंगाघाटथाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी दीपक यादव और एसडीएम सदर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारी परिजनों को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अपराध निरीक्षक व एक उप निरीक्षक को एसपी ने किया लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शुक्लागंज में ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर हुए विवाद ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने अपराध निरीक्षक फूल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई भाजपा कार्यकताओं और पुलिस के बीच थाने में हुई नोकझोंक के बाद की गई है। विवाद 28 सितंबर को ट्रांसफार्मर स्थापित करने को लेकर शुरू हुआ था। इसे सुलझाने के लिए विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) और एक क्षेत्रीय भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ गंगाघाट थाना पहुंचे थे। थाने में दोनों पक्षों के बीच सुलह की कोशिशें चल रही थीं, तभी बातचीत के दौरान कहासुनी और गर्मागर्मी बढ़ गई। पुलिस ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता चला गया। इसी दौरान, थाने में तैनात अपराध निरीक्षक फूल सिंह और भाजपा कार्यकताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस अधिकारी द्वारा कार्यकताओं को शांत रहने की हिदायत देने पर मामला और बिगड़ गया, जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ता थाने परिसर में ही धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह धरना समाप्त कराया गया। घटना के बाद भाजपा नेताओं ने संबंधित पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग उठाई थी। अधिकारियों से संतोषजनक आश्वासन न मिलने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष से शिकायत की, जिन्होंने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया और कार्रवाई की मांग की। उच्चाधिकारियों तक रिपोर्ट पहुंचने के बाद पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने जांच के आधार पर अपराध निरीक्षक फूल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। इसके अतिरिक्त, मौरावां थाना क्षेत्र में तैनात उपनिरीक्षक शनी देयोल को भी अनुशासनात्मक कारणों से लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था और विभागीय अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# वारंटी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गाँव सगवर निवासी राम बहादुर पुत्र नाथू पासी पर कुछ वर्ष पूर्व घर मे घुस मारपीट कर चोट पहुँचाने सहित अन्य गंभीर मामलों में मुकदमा दर्ज हुआ था। लगातार कोर्ट द्वारा जारी पेशियों में न पहुचने के कारण कोर्ट द्वारा एनबीडब्ल्यू वारण्ट जारी हुआ था। वारंट के आधार पर थाना बारासगवर के उ0नि0 श्री ओमप्रकाश यादव व का० फिरदौस अख्तर द्वारा वारण्टी अभियुक्त राम बहादुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया।

## दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत दो युवकों की हुई दर्दनाक मौत,दो घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदोई उन्नाव मार्ग पर गुल बहा गांव के पास शुक्रवार दोपहर 3 बजे दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार चार लोगों में दो की मौके पर मौत हो गई.जबकि दो लोग घायल है। उन्हें बांगरमऊ सीएचसी ले जाया गया। यहां से गंभीर हालत में एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस के मुताबिक शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।एक मृतक की पहचान बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत कबीरपुर गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र संतराम उम्र 40 वर्ष जो कि बांगरमऊ आईसर एजेंसी में मैकेनिक के पद काम कर रहा था.वही दूसरे मृतक रिंकू निवासी बेहटा कच्छ हैइस दिल दहला देने वाले दर्दनाक हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया. सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है. कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर एक की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया गया है पुलिस घटना की खबर परिजनो को दी मौके पर पहुंचे परिजनो का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

# विवाह के पूर्व होने वाला पति व साथी ने युवती के साथ किया छेड़खानी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विवाह तय होने के पश्चात होने वाला पति व उसका साथी युवती को रास्ते में बुलाकर किया छेड़खानी युवती की तहरीर दर्ज हुआ मुकदमा कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी युवती ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरा विवाह अभिषेक किशोर पुत्र देवी दीन निवासी आनापुर पोस्ट सेमरवहा थाना लालगंज जिला रायबरेली के साथ दोनों पक्षों की रजामंदी के साथ तय हुआ विवाह हेतु दोनों पक्षों द्वारा एक वैवाहिक घोषणा पत्र पर 27.6.2025 को वैवाहिक घोषणा पत्र में हस्ताक्षर हुए शादी तय होने के बाद पश्चात अभिषेक किशोर ने फोन से बात करने लगा व एक दिन हमे कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास बुलाया अभिषेक किशोर अपने चचेरे भाई अनंत किशोर के साथ बताए हुए स्थान बीघापुर स्टेशन के पास आया और वही पर अनंत किशोर व अभिषेक दोनों ने मुझसे मीठी मीठी बात करते हुए धीरे-धीरे दोनों लोगों ने जबरदस्ती छेड़खानी करने लगे मैने कहा शादी के पूर्व में तुम्हारे साथ अनैतिक संबंध नहीं बना सकती इस पर विवाद हो गया जब अधिक जबर जस्ती करने लगे तब चिल्लाई और भागकर चली गई और अपनी मां को सारी बात बताई तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

## शिव पार्वती विवाह प्रसङ्ग सुन श्रोता हुए भाव विभोर

अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के अजय पुर गाँव स्तिथ पावन धाम कुटीबीर बाबा में चल रहे दँसम नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवम मानस वेदांत सन्त सम्मेलन के दूसरे दिन चल रही रामकथा में चित्रकूट से आये व्यास ज्ञानेश त्रिपाठी जी ने शिव विवाह प्रसङ्ग सुना भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया , कथा के दौरान उन्होंने कहा कि माँ पार्वती ने शिव जो को पाने के लिये राजमहलों का सुख छोड़ दिया कठोर तप किया , शिव जी पहली पत्नी सती के विरह में माया मोह त्याग चुके थे , पार्वती जी से भी उन्होंने किसी राजकुमार से शादी करने की बात कही परन्तु पार्वती ने अपने दृढ़ निश्चय से शिव जी को मना लिया था । शिव की बारात में भूत ,प्रेत , नाग ,बैल आदि देख कर सभी भयभीत और चिन्तातित हो गए , पार्वती की माँ मैनादेवी बहुत ही परेशान हो गई , उनकी व्याकुलता देख भूत भावन भोलेनाथ ने सुंदर रूप धारण कर लिया जिसे देख सभी प्रसन्न हो गए । आगे उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति और समर्पण से कोई भी इच्छा पूरी की जा सकती है ।कथा के दौरान , हरिकेश सिंह , अनूप नारायण अवस्थी , त्रिभुवन त्रिपाठी , अनुराग सोनी ,कर्तव्य त्रिपाठी , अमन विश्वकर्मा , विकास , श्याम जी , पॉवन जी , आर्यन अवस्थी , शशांक त्रिपाठी , किसोरी वर्मा , तारा शंकर शुक्ल , राजेश शुक्ल सहित सैकड़ों की संक्या में भक्त गण उपस्थित रहे ।

## सम्पादकीय

# जहरीली कफ सिरप बनाने वालों को मिले सख्त सजा

आप जिस दवा को जीवनदायनी समझ कर ले रहे हैं, उसमें जहर निकले और मौत का कारण बन जाए तो इसे मुनाफाखोरी के मोह में जीवन से खिलवाड़ कहें, लालफीताशाही का निकम्मापन या कुछ और, क्या कहेंगे। मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में 2 सितंबर से अब तक 19 और राजस्थान में 4 बच्चे दम तोड़ चुके हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह दवा कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। कानून तो अपनी कार्रवाई करेगा, लेकिन उनकी मानसिकता के बारे में सोचने भर से रूह कांप उठती है, जिन्होंने नौनिहालों की जिंदगी से ही खिलवाड़ कर दिया। बेचारे छोटे-छोटे बच्चे खांसी की दवा पीकर हमेशा के लिए सो गए। माता-पिता बच्चों को इलाज करवाने के लिए सरकारी अस्पताल से दवा दिलाएं और फिर कुछ ही घंटों में बच्चों के गुर्दे फेल हो जाएं और उनकी मौत हो जाए, यह भयानक, दर्दनाक और क्रोध पैदा करने वाला विषय है। क्या भरोसे के साथ बीमार बच्चों को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाना, माता-पिता की गलती है। बच्चों के माता-पिता और परिवार का अपनी आंखों के सामने बच्चों का हमेशा के लिए नींद में सो जाते हुए देखना दिल दहलाने वाला है, माता-पिता की चीखें परेशान करने वाली है, लेकिन क्या मासूमों की मौत के इस तांडव से हमारे सरकारी अमले की नींद टूटेगी या फिर वो अब भी पहले की तरह खर्राटें ही लेते रहेंगे। 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि भारत में बनने वाले कफ सिरप बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं। यह आदेश पंजाब स्थित क्यूपी फार्माकेम लिमिटेड द्वारा निर्मित गुआइफेनेसिन टीजी सिरप के परीक्षण के बाद दिए थे। अब मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए कोल्ड्रिफ सिरप के सैंपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाईएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्र से ज्यादा नहीं होना चाहिए। तय है कि पैसों का लालच ही इन मौतों की एकमात्र वजह है और इसलिए जहरीली खांसी की दवा में सस्ती और घटिया रसायन मिलाकर इसे बनाया गया। सरकार ने अब दवाओं का स्टॉक वापस मंगवाकर नष्ट कराने जैसे उपाय शुरू किए हैं। जो काम पहले हो जाना चाहिए था, जो जांच पहले हो जानी चाहिए थी, दवाओं का जो गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण पहले हो जाना चाहिए था, उसे अब किया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसी कंपनी को तुरंत सील करे, जिसने मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया। दवा उत्पादन की लागत कम और मुनाफा बढ़ाने के लिए कफ सिरप में सस्ते और जहरीले रसायन को प्रयोग किया गया, जिसके चलते बच्चों की मौतों का यह तांडव हुआ। इसकी तुरंत जांच करवाकर इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि दोबारा से कोई ऐसी हिमाकत ही न करे।



वायु सेना दिवस

डॉ. एलएस यादव

भारती वायुसेना अब 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई मौके आए जब वायुसेना के जांबाजों ने दुश्मनों के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया और हर युद्ध को जीतने में अहम भूमिका निभाई है। अब जरूरत है वायुसेना को और मजबूती देकर उसे शक्तिमान बनाने की। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने के बाद अब भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की जरूरत है इसे हर हाल में जल्द पूरा करना होगा।

# वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा

आठ अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93 वर्ष पूरे कर 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान भी अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है और चीन के पास यह ताकत कम नहीं है। ऐसे में पाक व चीन सीमा पर चुनौतियां काफी बढ़ी हुई हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 29 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। मिग विमानों के रिटायर होने के बाद यह संख्या और घट गई। इस कारण वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास करीब 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए।

इन चुनौतियों के मद्देनजर भारत सरकार सीमान्त मोर्चों पर किसी भी दुश्मन को कोई अवसर देना नहीं चाहती। भारतीय वायुसेना की ओर से विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए 114 मेक इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को दिया है। इन विमानों की कीमत दो लाख करोड़ से ज्यादा होगी। इन विमानों का निर्माण फ्रांस की डसाल्ट एविएशन कंपनी और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर करेंगी। मेक इन इंडिया राफेल में 60 फीसदी सामान स्वदेशी होगा। रक्षा मंत्रालय इस पर कब निर्णय लेगा यह पता नहीं, लेकिन वायु सेना इस सौदे को जल्द फाइनल करना चाहती है, क्योंकि वायुसेना के विमान लगातार कम होते जा रहे हैं। इससे भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता प्रभावित हो रही है। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने से यह समस्या और बढ़ गई है। हालांकि भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की है, लेकिन दक्षिण एशिया की स्थिति और भू-राजनातिक उथल-पुथल को देखते हुए यह संख्या कम है। इन स्थितियों या दो मोर्चों पर युद्ध छिड़ने की स्थिति से निपटने के लिए 45 स्क्वाड्रन होना बेहतर होगा।

भारतीय वायुसेना की इस कमी को दूर करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों पर भरोसा जताया है। इसके लिए पिछले दिनों ही 180 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद का आर्डर दिया है। विदित हो कि वर्ष 2021 में 46000 करोड़ रुपये की लागत से 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इस मंजूरी के मुताबिक इनकी आपूर्ति हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक नहीं हुई है। फिर भी सरकार ने वायुसेना की ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से अगस्त 2025 में 62,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 विमानों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी गई। इन विमानों को बनाने वाली कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि वह इसी महीने से इन विमानों की आपूर्ति प्रारम्भ कर देगी। दरअसल, इन विमानों की आपूर्ति में देरी का मुख्य कारण अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति है। एचएएल ने अमेरिका की जीई कंपनी से '404 इंजन'



लेने का समझौता कर रखा है। इस समझौते के मुताबिक इन इंजनों की आपूर्ति मार्च 2024 में शुरू होनी थी, परन्तु ऐसा नहीं हो पाया। जीई कंपनी ने इस साल पहला इंजन अप्रैल में, दूसरा जुलाई में और तीसरा सितम्बर में दिया। अब तक मात्र तीन इंजनों की ही आपूर्ति हो सकी है। डील के मुताबिक जीई कंपनी को हर माह दो इंजनों की आपूर्ति करनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा। इस देरी से वायुसेना काफी चिंतित है। कुछ समय पहले वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने खुद कहा था कि बीते 40 साल से एचएएल तेजस निर्माण में लगा है, लेकिन अभी तक 40 विमानों की आपूर्ति नहीं कर पाया है। भारतीय वायुसेना के पास तेजस के दो ऑपरेशनल स्क्वाड्रन हैं। अगर इंजनों की आपूर्ति तेजी से हो तो एचएएल दो से ढाई दर्जन विमानों की आपूर्ति सालाना कर सकता है।

अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति में देरी के कारण भारत अब फ्रांस के साथ मिलकर लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाएगा। इसके लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के बीच संयुक्त परियोजना को सरकार जल्द ही स्वीकृति प्रदान कर सकती है। सफ्रान कंपनी भारत के पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत जेट इंजनों के विकास और उनके निर्माण में मदद करेगी। इससे भारतीय सेना और मजबूत होकर उभरेगी और चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगी। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य दोहरे इंजन वाले उन्नत मध्यम लड़ाकू विमानों के लिए भारत में 120-किलोन्यूटन इंजन का विकास और उत्पादन करना है। इस काम के लिए सफ्रान कंपनी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करेगी। डीआरडीओ की गैस टरबाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट के साथ मिलकर बनाई जाने इस परियोजना की अनुमानित लागत तकरीबन सात अरब डॉलर होगी। यदि यह मंजूरी मिलती है तो भारत उन विशिष्ट देशों के समूह में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपने विमान इंजन डिजाइन विकसित करने की क्षमता है। वर्तमान में ऐसे इंजन बनाने की यह तकनीक केवल अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के पास है।

राफेल लड़ाकू विमान बढ़ाने की तैयारी के साथ ही भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में लगा हुआ है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है। इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि अगर भारत इसके लिए तैयार होता है तो एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। इस काम के लिए रूस की एक टीम जल्द ही एचएएल के नासिक प्लांट का दौरा करने वाली है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सुपरकंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा और अपनी सीमाओं की पूर्ण रूप से सुरक्षा कर पाएगा।



अपराध

डॉ. रमेश ठाकुर

# हेल्थ सिस्टम पर 'कलंक' है 'कफ सिरप' हादसा

कफ सिरप कांड की चर्चाएं इस समय भारत में ही नहीं, पूरी दुनिया में हैं। दिल-दहला देने वाली कथित 'कफ सिरप' घटना के गर्भ से उपजे इस अक्षम्य अपराध ने लोगों का ध्यान एकाएक भारत में कुकुरमुत्तों की तरह सक्रिय नकली फार्मा कंपनियों की ओर खींचा है। सरकारों की मिलीभगत से जाली फार्मा कंपनियों का जाल इस समय देश में गुपचुप तरीके से फैला है। नकली दवाइयों के निर्माण में अभी तक चीन ही बदनाम था। पर, 3 वर्ष पहले जब भारतीय फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित नकली कफ सिरप के पीने से अफ्रीकी देशों में 50 से अधिक जब बच्चों की मौत हुई, तो दुनिया की नजरों में भारत आ गया। इससे भारतीय फार्मा कंपनियों की जमकर थू थू भी हो रही है। अफ्रीकी बच्चे जब भारत में बनीं कफ सिरप पीकर मरे, तब, केंद्रीय हुकूमत ने जुर्माने सहित तमाम कठोर कदम उठाए थे। यहां तक कि कई फार्मा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट और कइयों के लाइसेंस तक रद किए गए थे, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद वह कंपनियां चुनावी चंदा देकर बहाल हो गई थीं। दुख इस बात का है कि अफ्रीका जैसी घटना की पुनरावृत्ति अब भारत में हुई है। राजस्थान-मध्य प्रदेश में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। घटना की तपिश पूरे देश में आग की तरह फैली हुई है। सभी जानते हैं कि जेनेरिक दवाओं के वितरण में बड़ा गोलमाल होता है। ऐसी खबरें भी समय-समय पर आती हैं कि नकली दवा के सेवन से मरीजों की किडनियां खराब हुईं, जिससे उनकी मौत भी हुई। आमजन से लेकर सरकारें भी इस सच्चाई से वाकिफ होती हैं कि दवा क्षेत्र में बड़े माफिया सक्रिय हो चुके हैं, जिनकी पहुंच सीधे-सीधे हुकूमतों तक होती है। इसलिए शिकायतों पर सरकारी तंत्र चुप रहता है। गलतियों पर आंख मूद लेता हैं। थोड़ी बहुत कार्रवाई की बात उठती है तो दवा माफिया कमिशन के नाम पर मोटा माल चढ़ाकर मामले को रफादफा करवा ही लेते हैं। लेकिन उनके ये कृत्य कई बेकसूर मरीजों की जान ले लेते हैं। भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता कई समय से सवालों के घेरे में है। जेनेरिक दवाओं के वितरण में भारत में करीब 15 से 20 हजार औषधि केंद्र संचालित हैं, जबकि, इनकी संख्या इस साल के अंत तक 25 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया हुआ है, लेकिन इनके भीतर कितना गड़बड़झाला है, जिसकी भनक मरीजों को जरा भी नहीं है। फार्मा कंपनियों और कमिशनखोरों को अच्छे से पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर जहर भी गटक जाएंगे, तो उन्हें पता थोड़ी न चलेगा? दवाइयों के सेवन से हुई मौतों के गुनाहगारों पर कभी कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती? आरोपियों पर दोष तक सिद्ध नहीं होते, उससे पहले ही आजाद हो जाते हैं। इस तंत्र में सभी मिले होते हैं। एक मुनाफा खाता है तो दूसरा कमीशन?

बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' के पीने से हुई बच्चों की मौत ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है। कफ सिरप के नाम पर भारत में बीते कई वर्षों से मासूमों को जहर पिलाया जा रहा है। भांडा तब फूटा जब दर्जन भर के करीब बच्चे मौत के मुंह में समा गए। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। मुद्दे को शांत करने और खानापूर्ति के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई और दिखावे की धरपकड़ हो रही है। गलत दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ा एक्शन हो? और मुनाफा कमाने के भूखे केमिस्ट विक्रेताओं पर सरकारी चाबुक चले, ऐसी कल्पना सभी करते हैं।

लेकिन दुर्भाग्य ऐसा होता नहीं? भारत में करीब 3,000 से अधिक दवा कंपनियां रजिस्टर्ड हैं, जिनके पास 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। यह उद्योग जेनेरिक दवाओं के निर्माण और आपूर्ति पर केंद्रित है। दवा निर्माण में भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। लेकिन अपने काले कारनामों के चलते ये फार्मा कंपनियां सभी की नजरों में आ गई हैं। भारतीय फार्मा उद्योग का कुल बाजार 2030 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, केंद्र सरकार कफ सिरप कांड को लेकर एक्शन में है।

## यह मन का कमाल है




संकलित

दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित

प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### क्रिकेट का चमकता सितारा यशस्वी जायसवाल

भारतीय क्रिकेट में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का दौर जारी है और इस दौर का सबसे चमकता सितारा निस्संदेह यशस्वी जायसवाल हैं जिनकी कहानी संघर्ष से सफलता तक का प्रतीक बन चुकी है। मुंबई के आज़ाद मैदान के टेंटों से लेकर भारतीय टीम की जर्सी तक का उनका सफर लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अब भारतीय क्रिकेट में अगली उम्मीद है वनडे क्रिकेट में उनका नया अध्याय। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी ने पहले ही अपने प्रदर्शन से दुनिया को चौंका दिया है। उनका 171 रनों का डेब्यू शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेली गई 214 रनों की ऐतिहासिक पारी उनकी क्षमता और परिपक्वता का प्रमाण हैं। इतनी कम उम्र में उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं।

*- प्रदीप जैन, कांकेर*

## करंट अफेयर

### संरा की शांति वार्ताओं से महिलाएं नदारत: गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मंगलवार को इस बात पर चिंता जताई कि महिलाएं अक्सर शांति वार्ताओं से अनुपस्थित रही हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है जब शांति प्रयासों में महिलाओं की समान भागीदारी वाले संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक प्रस्ताव को जारी हुए 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला एजेंसी की प्रमुख ने भी चिंता व्यक्त की है कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि 67 .6 करोड़ महिलाएं घातक संघर्षों के 50 किलोमीटर के दायरे में निवास कर रही हैं। यह संख्या 1990 के दशक के बाद से सबसे अधिक है।



## ऑफ बीट

### आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर

ईएटी-लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों।



## ट्रेंड

### सहयोगियों पर हमला निंदनीय



पश्चिम बंगाल में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों पर जिस तरह से हमला किया गया, वह बेहद निंदनीय है। यह तृणमूल कांग्रेस की असंवेदनशीलता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अतिरिक्त राशि स्वीकृत



जम्मू एवं कश्मीर में बाढ़ के कारण कई जगह मकान टूट गए। घरों के निर्माण के लिए 1,30,000 की मूल सहायता के साथ 40,000 की अतिरिक्त राशि शौचालय निर्माण के लिए हमने स्वीकृत कर दी है ताकि वे निर्माण कर सकें।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### पीएम मोदी का आभार



मैं जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त समय से पहले जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अत्यंत आभारी हूं।

-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### शर्मनाक घटना



मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया। यह हमारे लोकतांत्रिक और न्यायिक इतिहास की एक शर्मनाक घटना है। 2014 के बाद जिस तरीके से राजकीय संरक्षण में विभिन्न-विभिन्न माध्यमों से देश में घृणा और हिंसा को नॉर्मलाइज किया गया है यह उसका दुष्परिणाम है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

संक्षेप

## नहर में गिरी कार, एक की मौत

**एक पानी में बहा, दो घायल; ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन**

सुलतानपुर, बल्दीराय में एक तेज रफ्तार कार शारदा नहर में गिर गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति नहर में बह गया जिसकी तलाश जारी है। घटना में दो अन्य लोग घायल हुए हैं। यह घटना मंगलवार रात दखिनगांव के पास शारदा नहर पर हुई। अनियंत्रित होकर पलटी कार नहर में जा गिरी। मृतक की पहचान बल्दीराय के दखिनगांव निवासी मित्रसेन यादव (पुत्र जानकी सरन यादव) के रूप में हुई है, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) में रखवाया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कार की तेज गति और चालक का नियंत्रण खो देना हादसे का कारण हो सकता है। इस घटना में धमथुवा, अयोध्या निवासी पप्पू यादव (पुत्र सुख राम यादव) नहर में बह गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## रिश्तेदारी से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**जयसिंहपुर में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, परिजनों ने की शिनाख्त**

जयसिंहपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक अभिषेक मौर्य की दर्दनाक मौत हो गई। अभिषेक रिश्तेदारी से अपने घर लौट रहा था, तभी सेमरी बिरमलपुर संपर्क मार्ग से टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चढ़ते समय एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। कारेबन गांव निवासी विजय कुमार मौर्य के बेटे अभिषेक मौर्य की बाइक को तेज रफ्तार अज्ञात चारपहिया वाहन ने टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक हेलमेट नहीं पहन रखा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की पहचान अभिषेक मौर्य के रूप में की और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों की शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## विसर्जन यात्रा निकली

**बाबूगंज नहर पर प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ**

सुलतानपुर, कल्याण पट्टी से आज विसर्जन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बाबूगंज नहर पर संपन्न हुई, जहाँ प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। यात्रा पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ प्रारंभ हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्थानीय निवासी राजेश गुप्ता, रामकुमार गौतम, सूरज शर्मा, संजय गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, दिनेश शर्मा, सतीश मिश्रा, संतोष गुप्ता और रमेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया था। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि पूरा आयोजन शांतिपूर्वक और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ।

# पटाखा बना रही दो बालिकाओं को राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गायघाट में स्वर्गीय अमीर हसन के घर में रह रही उनकी दो बालिकाओं जुमानी एवं नसीमुन अपने घर में मजदूरी पर पटाखा बनाने का कार्य करती हैं। पटाखा बनाने की शिकायत पर मोतीपुर पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से एक बोरी में बारूद के साथ पटाखा बनाने की सामग्री बरामद हुई है। इसके साथ ही 554500 नगद एक बोरी में रखा हुआ मिला है। इसके संबंध में पूछे जाने पर दोनों बालिकाओं ने बताया कि यह पैसा मेरे पिताजी के द्वारा बेचे गए खेत का एवं हम लोगों की मजदूरी का पैसा है। जो हम लोगों ने शादी के लिए इकट्ठा किया है। मोतीपुर पुलिस द्वारा दोनों बालिकाओं को बरामद हुए सामान सहित थाना मोतीपुर लाया गया है। बरामद हुए रुपए पुराने 100-100 के नोट तथा 50 एवं 500 के नोट बोरी में भरे थे जिससे मजदूरी का रुपया बताया गया है। कुछ नोट जो चलन से बाहर थे वह भी पुराने वाले मिले हैं। स्थानीय लोगों का भी कहना था कि यह मजदूरी करती हैं। बहुत ही निहायत ही गरीब है तथा पेट काटकर उन्होंने पैसा इकट्ठा किया है। दोनों महिलाओं से थाने पर पूछताछ की जा रही है। छापेमारी के दौरान एसडीएम मिहीपुरवा रामदयाल क्षेत्रीय लेखपाल एवं मोतीपुर पुलिस टीम के साथ महिला सिपाही भी मौजूद रही।

# राज्य स्तरीय किसान मेले में केवीके बहराइच प्रथम को मिला पुरस्कार

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय विराट किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 8 और 9 अक्टूबर, 2025 को किया गया। था। कार्यक्रम का उद्घाटन 8 अक्तूबर को कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही मंत्री द्वारा किया गया। साथ ही इस दौरान कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान संस्थान के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह भी उपस्थित रहे। किसान मेले के समापन के अवसर पर 8 अक्तूबर को कुलपति प्रो डॉ. बिजेंद्र सिंह के द्वारा किसान मेले में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों एवं तकनीकों के प्रदर्शन के लिए केवीके बहराइच प्रथम को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सीपीएन. गौतम ने प्रमाण पत्र और मोमेंटो कुलपति से प्राप्त किया। केंद्र के सभी वैज्ञानिकगण डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. अरुण राजभर, डॉ. प्रियंका सिंह एवं समस्त कर्मचारियों ने प्रसन्नता जाहिर की। किसान मेले में लगाए गए कृषि प्रदर्शनी में मोटे अनाजों की खेती, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, मत्स्य पालन मधुमक्खी पालन मुर्गी पालन, गेहूं की वैज्ञानिक खेती, शरद कालीन गन्ना की खेती, दलहन एवं तिलहन की खेती, आलू की वैज्ञानिक खेती, केला की खेती आदि विषयों पर जानकारी दी गई। मेले में विभिन्न जिलों से काफी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया।

# प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ का चुनाव हुआ संपन्न




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस) का चुनाव कराया गया। इसका परिणाम मंगलवार शाम को जारी हुआ। इसमें चिकित्सकों ने डा. अनिल कुमार मौर्य को संघ का अध्यक्ष चुना। सदस्य केंद्रीय कार्यकारणी तेजवापुर अधीक्षक डॉ अभिषेक अग्निहोत्री रहें। सीएमओ ने माल्यार्पण कर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिले में बीते दो सप्ताह से प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। नाम वापसी के बाद संघ का अध्यक्ष डा. अनिल कुमार मौर्य को मतदान जरिए चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर डा. संदीप मिश्र व सुरेश वर्मा को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए धर्मेंद्र कुमार गौतम, सचिव डा. रितेश चुने गए। चुनाव अधिकारी डा. पीके वर्मा ने बताया कि 10 वर्ष बाद जिले में संघ का चुनाव हुआ। चुनाव जीतने वाले पदाधिकारियों को सीएमओ डा. संजय कुमार शर्मा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सराफा की दुकान से लाखों की चोरी

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। बहराइच लखनऊ हाइवे पर स्थित गजाधरपुर चौराहे पर दीवार काटकर पाठक ज्वेलर्स के नाम से अवधेस पाठक की दुकान में आभूषणों व नकदी की चोरी हो गई। चोरी की घटना से क्षेत्र में सनसनी है सराफा मालिक अवधेस पाठक ने बताया तिजोरी नही तोड़ सके बाहर रखे लगभग एक किलो चांदी के आभूषण व 5 हजार नगदी उठा ले गए और कैमरा एलसीडी भी तोड़ दिया है जिससे लाखो का नुकसान हुआ है। सुबह जानकारी होने पर शुचना पुलिस को दी। घटना स्थल का एडिशनल एसपी रमानन्द कुशवाहा सीओ रवि खोखर एसओजी टीम ने मौके की जांच और एसओ फखरपुर को जल्द खुलासा करने को कहा। एसओ ब्रम्हा गोंड़ ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल जारी है, सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को चेक किया जा रहा है। जल्द ही खुलासा होगा।

# घर के बाहर खेल रही बच्ची को गन्ने के खेत मे ले भागा भेड़िया, बच्ची गम्भीर जख्मी

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर ब्लॉक के गोडाहीय नंबर तीन में कोई लकड़बग्घा तो कोई भेड़िया बता रहा है के हमले में नेहा पुत्री गंगाराम 6 वर्ष प्रधान पुरवा गोडाहीया नंबर 3 को बनाया निशाना। द्वार पर खेल रही नेहा को लेकर गन्ने के खेत में भाग गया। आहट पर दौड़े ग्रामीण ने घेराबंदी कर लड़की को छुड़ा लिया है और अस्पताल ले गये। समाचार लिखे जाने तक सैकड़ो ग्रामीण एकत्रित होकर गन्ने २की घेरा बन्दी कर तलाश कर रहे हैं।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने की दवा की दुकानों पर छापामारी

**एक दर्जन से अधिक दवा की दुकानों पर छापेमारी**



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिलाधिकारी बहराइच के निदेर्शानुसार ड्रग औषधि निरीक्षक बहराइच विनय कृष्णा यादव ने एक दर्जन से अधिक दवा की दुकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कई दवाओं के नमूने लिए गए। सरकार द्वारा प्रतिबंधित कोल्डड्रिफ कफ सिरप जो इस समय चर्चा का विषय है उसी के संबंध में बहराइच जिले के तमाम मेडिकल स्टोरो पर भयंकर छापेमारी की गई। मगर कोल्ड्रिफ कफ सिरप किसी भी दुकान पर नहीं मिली फिर भी एक दर्जन से अधिक दवा की दुकानों से कफ सिरप की सैंपलिंग की गई। दवा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि प्रतिबंधित कफ सिरप कोल्ड ड्रिंक की बिक्री किसी भी सूरत में कतई ना करें अन्यथा प्रतिबंध दवा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**अधिकारों और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक, आत्मरक्षा के बुनियादी तरीके सिखाए**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, रतापुर गांव में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिलाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सशक्त करना था। इस कार्यक्रम में उप निरीक्षक सतीश चंद्र, महिला कांस्टेबल ज्योति सोनकर, होम गार्ड छंगू प्रसाद गुप्ता और पीआरडी हरिश्चंद्र ने भाग लिया। उन्होंने महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें महिला सशक्तिकरण के महत्व पर भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के बुनियादी तरीके सिखाए गए। महिलाओं को 1090, 181 और 112 जैसे आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई, ताकि वे जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त कर सकें। ऐसे आयोजनों से महिलाओं में सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। मिशन शक्ति अभियान के तहत भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# नैनो उर्वरकों से उत्पादन बढ़ेगा और लागत घटेगी : सचिन प्रताप सिंह

**वैज्ञानिकों ने जैविक खेती और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर दिया बल**

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर। कृषि में आधुनिक तकनीक और संसाधन दक्षता बढ़ाने की दिशा में, इफको द्वारा नैनो उर्वरक उपयोग महा अभियान के अंतर्गत किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र कक, कटिया, जनपद सीतापुर में किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और नैनो उर्वरकों के उपयोग, उनके प्रभाव तथा लागत में कमी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इफको सीतापुर के क्षेत्रीय अधिकारी सचिन प्रताप सिंह ने कहा कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से किसानों की उत्पादन लागत में कमी आएगी और फसल की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। श्री सिंह ने बताया कि नैनो DAP का उपयोग कर किसान पारंपरिक दानेदार DAP की मात्रा को आधा कर सकते हैं। बीज, कंद या जड़ उपचार के लिए प्रति किलोग्राम बीज पर 5 मिलीलीटर नैनो DAP का प्रयोग करें तथा फसल में 30\ 35 दिन बाद नैनो DAX का छिड़काव करें। इससे फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा और उर्वरक की बचत होगी। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने और इफको द्वारा चलाए जा रहे नैनो उर्वरक उपयोग जागरूकता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सागरिका, जल विलेय उर्वरक, नैनो जिंक और नैनो कॉपर जैसे उत्पादों की जानकारी दी, जिनके प्रयोग से किसान अपनी खेती की लागत को और कम कर सकते हैं। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, के वैज्ञानिक सचिन प्रताप तोमर ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और किसानों को इनकी मात्रा घटाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अधिक यूरिया प्रयोग से कीट व रोगों का प्रकोप बढ़ता है और उत्पादन घटता है। शैलेंद्र सिंह, प्रसार वैज्ञानिक ने किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी, वहीं डॉ. आनंद सिंह ने पशुपालन एवं पशुओं की देखभाल से संबंधित उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में लगाए गए नैनो उर्वरक प्रदर्शन प्लॉट का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और नैनो उर्वरकों के लाभों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। इस अवसर पर विमल कुमार वर्मा (SFA), रंजीत कुमार सहित लगभग 70 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, फार्म मैनेजर, कृषि विज्ञान केंद्र कक, कटिया, सीतापुर द्वारा किया गया।

# सीएचसी में संविदा डॉक्टर-फार्मासिस्ट भिड़े

**पांचवें दिन पुलिस ने दोनों पक्ष से दर्ज की एफआईआर, पहले कराया था सुलह**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, कादीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी.एच.सी) में एक संविदा डॉक्टर और फार्मासिस्ट के बीच विवाद सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने पहले मामले में सुलह करा दी थी, लेकिन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के दबाव के बाद कार्रवाई की मांग उठी। संविदा चिकित्साधिकारी डॉ. दीपांकर कुमार विश्वास ने अपनी शिकायत में बताया कि करीब 5 बजे एक गंभीर मरीज आया था। उन्होंने मरीज के लिए कुछ दवाएं और इंजेक्शन लिखे, लेकिन ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट अवधेश मौर्य ने उन्हें लगाने से मना कर दिया। डॉ. विश्वास का आरोप है कि मौर्य ने उन्हें मां-बहन की गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उनकी कॉलर पकड़कर मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाद में अवधेश मौर्य और उनके बेटे ने उनके कमरे में आकर फिर से गाली-गलौज और मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं, फार्मासिस्ट अवधेश कुमार मौर्य ने अपनी शिकायत में कहा है कि डॉ. दीपांकर विश्वास मरीजों को बाहर की दवाएं लिख रहे थे, जिसका उन्होंने विरोध किया। मौर्य के अनुसार, डॉ. विश्वास इससे गुस्सा हो गए और उन्हें मां-बहन की गालियां देते हुए लात-घूसों से पीटने लगे। फार्मासिस्ट ने दावा किया है कि इस घटना का सीसीटीवी फुटेज अस्पताल में मौजूद है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डॉ. विश्वास ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया तो वह उन पर एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज करा देंगे। मौर्य ने अपनी जान को खतरा बताया है। इस संबंध में कादीपुर के प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# मेडिकल कॉलेज में गबन का आरोप

**राज्यपाल सचिवालय से जांच के आदेश, प्रधानाचार्य–बाबू की हुई थी शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में स्वच्छता सेवाओं की निविदा में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। राज्यपाल सचिवालय ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। एक पत्र के माध्यम से राज्यपाल को प्रधानाचार्य डॉ. सलिल कुमार श्रीवास्तव और लिपिक अखिलेश श्रीवास्तव पर सांठगांठ कर करोड़ों रुपये के गबन का आरोप लगाया गया था। पत्र में सतर्कता विभाग सहित अन्य एजेंसियों से जांच कराने की मांग की गई थी। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल सचिवालय ने इन कथित अनियमितताओं की जांच के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग, लखनऊ को एक पत्र के माध्यम से भेजे गए हैं। राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम. बोबडे द्वारा हस्ताक्षरित यह पत्र 26 सितंबर को जारी किया गया था। इसमें प्रश्नगत प्रकरण का परीक्षण करने और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल. जानी ने इस जानकारी की पुष्टि की है।

# अवैध पटाखों का जखीरा बरामद

**तीन बोरियों में एक लाख 20 हजार के पटाखे जब्त, एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, पुलिस ने आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनजर अवैध पटाखों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये मूल्य के अवैध पटाखे बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध और अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में विशेष रूप से अवैध पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने पर जोर दिया जा रहा है। थाना संग्रामपुर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि विशेषरगंज कस्बे में रामगढ़ रोड पर एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से पटाखे बेचने के लिए रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दीपक पुत्र स्व. यज्ञ नरायन, निवासी ग्राम कस्बा विशेषरगंज, थाना संग्रामपुर, जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से तीन बोरियों में विभिन्न प्रकार के अवैध पटाखे बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 1 लाख 20 हजार रुपये है। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना संग्रामपुर में अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 197/25 धारा 5/9ख विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षेप

### एमडीए पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर जांच बंद करने का आरोप

**शिकायतकर्ता बोले– फर्जी नियुक्ति पर, अधिकारियों ने दिया एक हफ्ते का समय**

मेरठ, विकास प्राधिकरण में फर्जी तरीके से कर्मियों की नियुक्ति करने की शिकायत में गलत जांच करने का आरोप लोगों द्वारा लगाया गया है। उनका कहना है कि जांच टीम द्वारा सभी तथ्यों को नहीं दिखा गया और पैसे लेकर जांच बंद कर दी गई। शिकायत कर्ता सूर्य प्रकाश ने बताया कि हम अपने सभी सबूत लेकर मेडा के सचिव और वीसी से मिले और अपना पक्ष रखा। उन्होंने हमारी शिकायत का संज्ञान लेते हुए हमे एक हफ्ते का समय दिया है । दिए गए समय में अगर कार्रवाई नहीं होती है तो हम मेडा परिसर में अनिश्चितकालीन धरने वर बैठेंगे। शिकायत करता ने दी गई शिकायत में बताया कि जिस कर्मी पर यह आरोप है उसने अपने बेटे की नियुक्तक भी मेडा में ही करा दी है। अधिकारियों की मिलीभगत से यहा भ्ष्टाचार कर आम जनता के साथ धोखा करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेडा की टीम ने हमारे द्वारा दी गई शिकायत का दो दिन में निस्तारण तो कर दिया लेकिन जिन तथ्यों पर जांच होनी चाहिए थी वह नहीं हुई और उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का काम जांच टीम द्वारा हमारी शिकायत में किया गया।

### ससुर ने बहू पर फरसे से हमला किया

**खाने में देरी पर हुआ विवाद, पड़ोसी ने बचाया**

मेरठ, शास्त्रीनगर में ससुर ने अपनी बहू पर फरसे से जानलेवा हमला कर दिया। खाने में देरी को लेकर हुए विवाद के बाद ससुर ने बहू को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पड़ोसियों के समय पर पहुंचने से महिला की जान बच गई। पुलिस ने आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना मंगलवार को शास्त्रीनगर सेक्टर 13 में हुई। आरोपी इकबाल हसन ने अपनी बहू राहत उर्फ हिना पर घर में रखे फरसे से ताबड़तोड़ वार किए। राहत ने अपनी जान बचाने के लिए शोर मचाया, जिसकी चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मोहिब रिजवी, लवकुश, आशीष तिवारी, नईम और अतीक मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहत को खून से लथपथ फर्श पर पड़ा देखा। राहत और उनके पति मेहताब एक कोचिंग सेंटर चलाते हैं। घटना के समय मेहताब एक मौत में गए हुए थे। घर पर राहत अपने डेढ़ साल के बेटे और ससुर इकबाल हसन के साथ थीं। बताया जा रहा है कि खाना बनाने में देरी होने पर राहत और ससुर के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद इकबाल ने फरसे से हमला कर दिया। पड़ोसियों को देखकर इकबाल के हाथ में फरसा था और उसके कपड़े खून से सने हुए थे। पड़ोसियों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फरसा लेकर सीधे थाने पहुंच गया। वहां उसने पुलिस को अपनी पुत्रवधू की हत्या करने की बात बताई। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल राहत को अस्पताल में भर्ती कराया। राहत की हालत में अब सुधार है और उनका ऑपरेशन हो चुका है। हमले में उनके दोनों हाथों की हड्डियां टूट गई हैं और सिर में भी तीन गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर इकबाल हसन को जेल भेज

# कुलखेड़ा एवं बिरनई में विधायक ने ग्रामीणों के साथ लगाई चौपाल

**आयोजित जागरूकता चौपाल में लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने तथा गांव के लोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए के लिए ग्राम पंचायत कुलखेड़ा एवं ग्राम पंचायत बिरनई में आयोजित जागरूकता चौपाल में योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं पूरी तरह निशुल्क हैं प्रत्येक लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार पूरी तरह से संकल्पित है इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया विधायक ने निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया इस दौरान विधायक राजेंद्र पटेल ने पौधरोपित कर लोगों को एक पेड़ अपनी मां के नाम पर रोपित करने के लिए प्रेरित किया विभागीय अधिकारियों ने भी लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों समेत ग्रामीणों ने विधायक श्री पटेल को प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया इस मौके खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे ग्राम प्रधान कृष्णा तिवारी सिया देवी श्रीकांत उत्तम डा राम भक्त वर्मा साहब सिंह गौतम विनय कुमार शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी विवेक त्रिपाठी कमलेश तिवारी सुरेश तिवारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल कुमार विनोद कुमार सहायक कृषि अधिकारी रविंद्र सिंह कस्बा चौकी इंचार्ज दिग्विजय सिंह समेत विभिन्न विभागीय कर्मियों तथा बड़ी संख्या में महिलाओं समेत स्थानीय एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने जागरूकता चौपाल में प्रतिभाग करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## सूना घर पाकर चोरों ने किसान को लगाई लाखों की चपत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे निवासी किसान नरेंद्र पटेल के घर को सूना पाकर चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी से लगभग ढाई लाख रुपए नगद समेत आभूषण चोरी कर ले गए पीड़ित नरेंद्र पटेल ने नजदीकी पुलिस चौकी अमौली में देर शाम तहरीर देते हुए बताया कि वह एक किसान है जो अपने खेतों में काम करने गया था शाम लगभग 5 बजे खेत से घर वापस आया जहां मुख्य दरवाजा का ताला टूटा पड़ा मिला आनन फानन किसान ने अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखे जेवरात समेत नगदी गायब थी जानकारी लेने पर चौकी प्रभारी अमौली दिग्विजय सिंह ने बताया कि देर शाम लिखित रूप में घटना की जानकारी मिली है जांच पड़ताल की जा रही है

# विनोद ने संभाला चार्ज पुष्प वर्षा के साथ बिदा हुए राजेंद्र सिंह

**थाना इंचार्ज समेत स्थानांतरित पुलिस कर्मियों को भी दी गई बिदाई**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक के द्वारा बड़ी संख्या में किये गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत चांदपुर थाना इंचार्ज राजेंद्र सिंह को थरियांव थानाध्यक्ष बनाया गया वहीं थरियांव थानाध्यक्ष बिनोद कुमार को चांदपुर थाने की कमान सौपी गई चांदपुर थाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान लगभग 15 माह तक थानाध्यक्ष रहे राजेंद्र सिंह को बड़ी संख्या में स्थानीय एवं क्षेत्रीय लोगों समेत क्राइम प्रभारी सुरजीत सिंह कस्बा चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह श्याम बिहारी विजय मिश्रा शिवकेश अमित सहित पुलिस कर्मियों ने सम्मानित कर विदाई दी तथा नवागंतुक थाना इंचार्ज विनोद कुमार को सम्मानित कर स्वागत किया इस दौरान स्थानांतरित पुलिसकर्मी अजमत अली सर्वेंद्र कुमार प्रदीप कुमार को भी सम्मानित कर विदाई दी गई इस मौके पर पूर्व प्रधान चांदपुर अर्जुन सिंह गौतम धर्मेंद्र सिंह यशवंत सिंह करुणा शंकर गोली सिंह पवन पांडेय रामगुलाम लाले मनीष भदोरिया बड़कऊ समेत ग्रामीण मौजूद रहे

# औषधि विभाग ने मेडिकल स्टोर पर की छापेमारी

**11 कफ सिरप के नमूने लिए जांच को भेजे, प्रशासन अलर्ट**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, कफ सिरप से बच्चों की मौत की घटनाओं के बाद गौतम बुद्ध नगर का जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। औषधि विभाग ने जिले के कई मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर विभिन्न ब्रांडों के 11 कफ सिरप के नमूने एकत्र किए हैं। इन सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। जिला औषधि अधिकारी जयसिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के बाद आयुक्त महोदय के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। सभी कफ सिरप के नमूनों को टेस्टिंग के लिए लखनऊ स्थित लैब भेजा गया है। विभाग ने केवल मेडिकल स्टोर ही नहीं, बल्कि कफ सिरप बनाने वाली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स पर भी कार्रवाई की है। इन इकाइयों से रॉ मैटेरियल और अन्य सामग्री के नमूने भी जांच के लिए लिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उत्पादन प्रक्रिया सही हो और गुणवत्ता मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।



# संपत्ति खरीदने पर 1.62 करोड़ की धोखाधड़ी

**11 लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज, पुलिस कर रही जांच, सेक्टर–90 में प्रॉपर्टी के थी डील**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, एनडब्ल्यूडी सॉफ्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर ने एक व्यवसायिक संपत्ति की खरीद फरोख्त में भूटानी इंफ्रा और सीबीएस इंटरनेशनल पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इस मामले में 11 लोगों को नामजद कराते हुए थाना सेक्टर-142 में मुकदमा दर्ज किया गया है। कंपनी की कानूनी प्रमुख साक्षी बुद्धिराजा ने शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि दोनों कंपनियों और उनसे जुड़े प्रतिनिधियों ने मिलकर एक सुनियोजित तरीके से आर्थिक धोखाधड़ी की है। शिकायत के अनुसार, भूटानी इंफ्रा (मालिक प्रेम भूटानी) और सीबीएस इंटरनेशनल (मालिक संजय रस्तोगी) नोएडा सेक्टर-90 स्थित नोएडा वर्ल्ड वन नामक व्यवसायिक इमारत के मालिक, प्रमोटर और प्रबंधक हैं। इनकी मिलीभगत से कंपनी को 1.62 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। इस मामले में पुलिस ने गौरव शर्मा, संजय रस्तोगी, प्रेम भूटानी, आदित्य राज सक्सेना, नमन, नसीम, साक्षी, माधुरी, राजेश टंडन, अमित और अनुराधा शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। साक्षी बुद्धिराज ने बताया कि दिसंबर 2024 में एनडब्ल्यूडी कंपनी ने कार्यालय उपयोग के लिए व्यवसायिक संपत्ति खरीदने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान भूटानी इंफ्रा के प्रतिनिधि नमन और आदित्य राज ने कंपनी के प्रतिनिधि अक्षय से संपर्क किया और ह्लनोएडा वर्ल्ड वनह्व परियोजना में एक संपत्ति की पेशकश की। बाद में सीबीएस इंटरनेशनल के अधिकारी गौरव शर्मा, माधुरी, साक्षी और अन्य ने सौदे की पुष्टि करते हुए 4.02 करोड़ में संपत्ति बेचने की बात कही।


शिकायत में दावा किया गया है कि कंपनी ने विश्वास के आधार पर 10 लाख अग्रिम भुगतान के रूप में सीबीएस इंटरनेशनल को चेक जारी किया और आगे नकद भुगतान भी किया गया।

# 25 हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

**रमाला पुलिस और स्वाट टीम ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार


बागपत, रमाला थाना पुलिस और स्वाट टीम ने एक मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामी लुटेरे को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी चेकिंग अभियान के दौरान हुई। लुटेरे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान लुटेरे ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में लुटेरा घायल हो गया, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। रमाला थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात में शामिल था। उस दिन अमित चोपड़ा निवासी हरियाणा से उसकी वैगनआर गाड़ी, 15 हजार रुपए और मोबाइल फोन लूटा गया था। पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था और पुलिस अधीक्षक ने लुटेरे की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तार लुटेरे की पहचान रितिक पुत्र जवाहर निवासी हिलवाड़ी, हाल पता कस्बा बड़ौत के रूप में हुई है।



# करंट लगने से मजदूर की मौत

**❍ लापरवाही के आरोप में मकान मालिक–बिजली विभाग पर केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , जेवर कोतवाली क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मुकीमपुर शिवारा गांव में मकान पर काम करते समय 11 हजार वोल्ट की लाइन से उसे करंट लगा था। गंभीर रूप से घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मृतक की पहचान देवदत्त के रूप में हुई है, जो पुताई का काम करता था। वह मुकीमपुर शिवारा निवासी टीटू के घर पर अन्य मजदूरों के साथ पुताई कर रहा था। घर के छज्जे पर काम करते समय उसने बिजली की लाइन देखी और मकान मालिक को बताया। मृतक के भाई मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मकान मालिक टीटू ने कहा था कि उसने बिजली विभाग से शटडाउन ले रखा है और बिजली नहीं आएगी। मकान मालिक की बात मानकर देवदत्त ने काम शुरू किया, तभी अचानक बिजली आने से वह झुलसकर गिर गया। परिजनों ने मकान मालिक टीटू और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 11 हजार वोल्ट की लाइन घरों से सटकर जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मकान मालिक टीटू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अफेयर में टीचर ने की महिला की हत्या

**मेरठ में चाकू से गला रेता, झाड़ियों में फेंका शव; किसी और से प्रेम-प्रसंग का था शक**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, टीपीनगर में एक महिला का शव मिला था। पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। इस मामले में हत्यारोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला का टीचर के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने साथ में शराब पी। टीचर को शक था उसका किसी और के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी को लेकर दोनों में विवाद हो गया। आरोपी ने महिला के गले पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। घटना टीपीनगर के गांव पुट्ठा की है। टीपीनगर के ग्राम पुट्ठा निवासी कृष्णपाल को वेदव्यास पुरी औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर आठ में झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा दिखा। उसने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त का प्रयास किया। टीपीनगर थाना क्षेत्र के वेदव्यासपुरी औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 8 में महिला की तेजधार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। एक युवक ने झाड़ियों में शव देखकर पुलिस को सूचना दी थी। महिला के गले पर गहरे जख्म के निशान मिले थे। महिला के दाहिने हाथ पर दीपक, धर्मपाल और अनीता लिखश था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की आशंका जताई थी। अगले दिन मृतका की पहचान अनीता पत्नी दारा सिंह निवासी सरसवा थाना दौराला (40 वर्ष) के रूप में हो गई। एसएचओ अरुण मिश्रा ने बताया- पुलिस ने वारदात के खुलासे के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए। करीब 20 से ज्यादा कैमरे खंगाले गए, जिसमें एक संदिग्ध पुलिस को दिखाई दिया। पुलिस ने उसकी पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान टीचर मनोज पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम डूगरावली परतापुर के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी मनोज मास्टर ने खुलासा किया- वह ट्यूशन पढ़ाता था, जहां एक महिला के बच्चे पढ़ने के लिए आते थे। अनीता इसी महिला की बहन थी। धीरे-धीरे उन दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई और प्रेम संबंध बन गए। मनोज ने बताया- अनीता शराब पीती थी।

# मिशन शक्ति: छात्राओं को सुरक्षा योजनाओं की जानकारी

**परतापुर पुलिस ने स्कूलों में चलाया जागरूकता अभियान**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, थाना परतापुर पुलिस ने मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत क्षेत्र के स्कूलों में छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान टीम ने बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, मिशन शक्ति केंद्र की भूमिका और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 1090, 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। छात्राओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पम्पलेट भी वितरित किए गए। इसका लक्ष्य उन्हें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और सही कदम उठाने में सक्षम बनाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर तथा जागरूक बनाना है।

# मोबाइल फोन पाकर खिल उठे चेहरे

**क्राइम ब्रांच और सर्विलांस ने खोए 217 मोबाइल खोजे, 40 लाख रुपए है कीमत**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम ने दिवाली से पहले शहर की जनता को गुम हुए मोबाइल लौटाकर बड़ा तोहफा दिया है। 40 लाख रुपए कीमत के 217 मोबाइल फोन रिकवर किए गए हैं, जिन्हें पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दे रही है। इनमें काफी मोबाइल ऐसे हैं जो दो से तीन साल पहले गुम हुए थे। पिछले काफी वर्षों से क्राइम ब्रांच की सर्विलांस टीम गुम मोबाइल फोन को लेकर काम कर रही है। समय-समय पर काफी मोबाइल फोन रिकवर किए जाते हैं।

अब दीपावली से ठीक पहले पुलिस ने ऐसे ही गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। 217 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जिनकी कीमत 40 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। जिन मोबाइल फोन को बरामद किया गया है उनमें काफी सारे मोबाइल ऐसे हैं जो लगभग 2 से 3 साल पहले गुम हुए थे। मोबाइल फोन के मालिक ने एफआईआर दर्ज कर दी लेकिन फोन नहीं मिला। उम्मीद खत्म हो चुकी थी। जैसे ही क्राइम ब्रांच ऑफिस से इन लोगों के पास फोन पहुंचे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत यह कार्रवाई हुई है। महत्वपूर्ण यह है की जो मोबाइल बरामद हुए हैं उनमें 70% मोबाइल महिलाओं के हैं। निश्चित तौर पर गुम हुए मोबाइल वापस मिलने के बाद चेहरे पर खुशी जरूर लौटी होगी। एसएसपी ने खुद कुछ महत्वपूर्ण जानकारी भी इन महिलाओं को उपलब्ध कराई है। इसके लिए कुछ पंपलेट भी वितरित किए गए हैं।

# चीफ जस्टिस पर जूता फेंकने का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

**❍ मेरठ में ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग की, ज्ञापन सौंपा**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की मेरठ इकाई ने मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने और नारेबाजी करने वाले अधिवक्ता के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यूनियन ने इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर कार्रवाई की सिफारिश की। यूनियन का कहना है कि अधिवक्ता का यह कृत्य न्यायपालिका की गरिमा के खिलाफ है और इसे निंदनीय बताया गया है। जिला अध्यक्ष अब्दुल जब्बार खान ने भी आरोपी अधिवक्ता पर उचित कार्रवाई की मांग की। यूनियन ने केंद्र सरकार से न्यायपालिका की गरिमा और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। उनका कहना है कि न्यायपालिका को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से कार्य करने के लिए सुरक्षा और सम्मान की आवश्यकता है। अधिवक्ताओं ने जोर देकर कहा कि आरोपी अधिवक्ता के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास बना रहे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आरोपी सोशल मीडिया पर स्टार बन गया है और उसके इंटरव्यू चल रहे हैं। यूनियन ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिस पर कार्रवाई होनी चाहिए, उसे पुलिस भी सपोर्ट कर रही है, जो देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सड़क सुरक्षा हेतु चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में 423 चालान

### ब्लैक फिल्म, मोडिफाइड साइलेंसर व अन्य नियम उल्लंघन पर की गई प्रभावी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित ₹मिशन शक्ति फेज 5.0₹ के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (मु0) अनिल कुमार के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डा0 चारू द्विवेदी (नोडल अधिकारी-मिशन शक्ति) के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक यातायात के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चलाए गए अभियान के दौरान निम्नलिखित उल्लंघनों पर कुल 423 चालान किए गए:

चालान विवरण:-

ब्लैक फिल्म : 08

फॉल्टी नम्बर प्लेट-20

स्टंटबाजी: 04

अन्य यातायात उल्लंघन (मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, सीट बेल्ट न पहनना आदि): 391

कुल चालान-423

अभियान के उद्देश्य:-

महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना

सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को सुनिश्चित करना

अशोभनीय/ असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना

### आगे की रणनीति:–

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना एवं सड़क पर यातायात नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित कराना है। जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।पुलिस आमजन से अपील करती है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# कुश्ती भारत का परामपरिक खेल है, - बृजेश पाठक



अमन लेखनी समाचार

### कसरत एवं कुश्ती से शरीरिक मजबूती बढ़ती है साथ दिमाग तेज होता है:

हरदोई। ब्लाक मल्लावां के गंगापुर में स्व0 डा0 सुरेश पाठक एवं सुभाष चन्द्र पाठक की पुण्य स्मृति में आयोजित ऐतिहासिक विशाल करवा चौथ दंगल प्रतियोगिता का शुभारम्भ उ0प्र0 सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कुश्ती के लिए दो पहलवानों का हाथ मिलाकर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि कुश्ती भारत का परामपरिक खेल है और आज कुश्ती अर्न्तराष्ट्रीय खेल बनकर उभर रहा है। उन्होने कहा कि कसरत एवं कुश्ती से शरीरिक मजबूती बढ़ती है साथ दिमाग तेज होता है। दंगल कार्यक्रम में आये उप मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का संयोजक राजेश पालक ने पुष्प गुच्छ एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सफीपुर विधायक, जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, उप जिलाधिकारी बिलग्राम मौजूद रहे

# आकांक्षात्मक जनपदों की श्रेणी मे शिक्षा क्षेत्र में आयोजित यूज डेटा कॉन्टेस्ट में सोनभद्र को राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त हुआ तृतीय स्थान

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आज लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में आयोजित कार्यक्रम में आकांक्षात्मक जनपदों की श्रेणी के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र में आयोजित यूज डेटा कॉन्टेस्ट में जनपद सोनभद्र को राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अकादमी के निदेशक ने जिलाधिकारी सोनभद्र, बद्रीनाथ सिंह, आईएएस को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही, नीति आयोग की ओर से जनपद को 2,00,000 की धनराशि भी प्रदान की जाएगी। यह उपलब्धि जनपद सोनभद्र की उस नवाचारपूर्ण पहल का परिणाम है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2022-23 में ‟डैशबोर्ड टू मॉनिटर निपुण भारत मिशन" विकसित किया गया था। इस प्रणाली का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के अधिगम स्तर को क्रमिक रूप से सुधारना और उसकी सतत निगरानी करना था। कक्षावार अधिगम लक्ष्य निर्धारित किए गए और उपचारात्मक शिक्षण की मदद से छात्रों को निर्धारित स्तर तक पहुँचाया गया।इस डैशबोर्ड के निर्माण में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) सोनभद्र का तकनीकी सहयोग मिला, वहीं शिक्षा विभाग से शिक्षक डॉ. सूर्य प्रकाश ने अपने महत्वपूर्ण योगदान से इस पहल को साकार करने में अहम भूमिका निभाई। इस नवाचार के सकारात्मक प्रभाव थर्ड पार्टी सर्वे द्वारा भी प्रमाणित किए गए। न केवल छात्रों की उपलब्धियों में सुधार हुआ, बल्कि विद्यालयों में उपस्थिति दर बढ़ी और ड्रॉपआउट दर में कमी दर्ज हुई। राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षणों एवं निपुण मूल्यांकन परीक्षाओं में भी सोनभद्र के छात्रों का प्रदर्शन बेहतर रहा। मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र, जागृति अवस्थी ने कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी के लिए विकसित डिजिटल प्रणाली ने सोनभद्र को शिक्षा क्षेत्र में नवाचार का केंद्र स्थापित किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुकुल आनंद पाण्डेय ने कहा कि डैशबोर्ड आधारित व्यवस्था ने विद्यालयों की वास्तविक समय में समीक्षा, कमजोर बिंदुओं की पहचान और सुधारात्मक कदम उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह उपलब्धि जिले के शिक्षकों, शिक्षा विभाग की टीम, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र तथा सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

खास समाचार

# मिट्टी के दीये लेकर जा रहे कुम्हार की ट्रेन से कटकर मौत, दीपावली से पहले घर में छाया मातम

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर (जिगना)। थाना क्षेत्र के जिगना गाँव के सामने रेलवे लाइन पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 38 वर्षीय कुम्हार मजदूर गणेश प्रजापति की मौत हो गई। गणेश मिट्टी के दीये साइकिल पर लादकर बेचने के लिए जा रहे थे, तभी गोमो-चोपन पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनका शरीर क्षत-विक्षत हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक गणेश प्रजापति पुत्र स्व. नंदलाल, थाना जिगना क्षेत्र के बसंतपट्टी गांव के निवासी थे। वह गुरुवार सुबह साइकिल पर बोरी में मिट्टी के दीये भरकर चेहरा गांव स्थित अपनी बहन के ससुराल दीपावली के लिए देने जा रहे थे। जब वे जिगना रेलवे स्टेशन से करीब तीन किलोमीटर पूरब, जिगना पूर्व कोट मजरा के सामने रेलवे लाइन पार कर रहे थे, तभी डाउन लाइन पर आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन रोते-बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के अनुसार, मृतक गणेश छह भाइयों और एक बहन में चौथे नंबर पर थे। उनके भाई शिवचंद ने बताया कि करीब आठ साल पहले उनकी पत्नी मायके चली गई थी और फिर कभी वापस नहीं लौटी। गणेश अकेले ही मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे थे। दीपावली के ठीक पहले हुई इस दुर्घटना से गांव और परिवार में शोक की लहर है। मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

# मऊ नगर पंचायत में श्रीमद् भागवत कथा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट।मऊ नगर पंचायत के टिकरा टोला अटल नगर मे श्रीमद्द भागवत कथा के आयोजक पं श्री राजनरायन द्विवेदी पत्नी स्वा कलावती द्विवेदी कथा के मुख्य यजमान हैं। आज भव्यकलश यात्रा नगर मे गाजे बाजे व हाथी घोडा के साथ निकाली गयी। कलश यात्रा चौरा पर के हनुमान मंन्दिर से बजार रोड होते हुऐ, माँ अन्नन्दी माता मन्दिर से यमुना रोड होते हुऐ, शिवबाबा मन्दिर होते हुऐ, यमुना का जल लेकर कथा स्थल अटल नगर पहुंचे। कथा व्यास पं आचर्य तरंग जी महराज वृन्दावन धाम है बताया कि कथा 10 अक्टूवर से 16 अक्टूवर तक चलेगी इस मौके पर कलश यात्रा में अनगिनत माताएं बहने कलश लेकर एक भारी संख्या पीतांबरा रूप में चल रही थी, साथ ही दिनेश द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, संजय, रंजय वअनूप द्विवेदी व अशोक द्विवेदी अवधेश द्विवेदी सहित नगर के सैकडो लोग कलश यात्रा में मौजूद रहे।

# शराब सेल्समेन लूट कांड के दो शातिर गिरफ्तार, एक की तलाश

अमन लेखनी समाचार



मल्लावां (हरदोई ) मल्लावां पुलिस ने देशी शराब ठेके के सेल्समेन के साथ 19 दिन पूर्व रात्रि को तमंचे की नोक पर लूट करने वाले दो शातिरों को गिरिफ्तार कर खुलासा किया है। तीसरा शातिर लुटेरे की तलाश में पुलिस लगी है। 21 सितंबर की रात को गोवर्धन निवासी देशी शराब ठेके का सेल्समैन रामजी शराब ठेका बंद कर बिक्री का 90 हजार रु लेकर घर जा रहा था। तभी रास्ते में तीन लोगों ने तमंचे के बट से मारपीट कर 90 हजार रु की नगदी लूट कर फरार हो गए थे । पुलिस टीम खुलासे के लिए लगी थी। तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था । गुरुवार को दिन में 2:51 पर राघौपुर रोड पर करवा मोड़ के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस उपनिरीक्षक महमूद आलम व उप निरीक्षक नेहा त्यागी समेत पुलिस फोर्स ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सर्वेश निवासी ईश्वरपुर साईं, रियाज निवासी मो. फतेहगंज मोहिउद्दीनपुर को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल ,एक अदद तमंचा 315 बोर ,दो जीवित कारतूस और 16 हजार रु बरामद किया ।दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।प्रशिक्षु सीओ हरे कृष्ण शर्मा ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीसरे की तलाश की जा रही है।

# आईजीआरएस रैंकिंग में सोनभद्र पुलिस प्रथम स्थान पर

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन, प्रभावी पर्यवेक्षण तथा सतत मॉनिटरिंग के फलस्वरूप, माह सितम्बर 2025 में जनपद सोनभद्र ने आईजीआरएस रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक और उपलब्धि अपने नाम की है। जनपद के समस्त पुलिस थानों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, त्वरितता एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही को प्राथमिकता दी गई, जिसके परिणामस्वरूप न केवल जनपद स्तर पर बल्कि मण्डल एवं राज्य स्तर पर भी सोनभद्र पुलिस का प्रदर्शन सराहनीय रहा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों एवं समस्त कर्मियों को और बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आईजीआरएस रैंकिंग में यह सफलता पुलिस और जनता के बीच विश्वास व सहयोग का परिणाम है। शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण हमारी प्राथमिकता है, और इसी दिशा में सोनभद्र पुलिस निरंतर कार्य करती रहेगी।

# मिजार्पुर रेलवे स्टेशन के पास लावारिस लाश पड़ी, 6 घंटे बाद भी नहीं पहुंची पुलिसः स्थानीय लोगों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर : मिजार्पुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 01 के पास 56भोग और ओके डीलक्स होटल के निकटवर्ती इलाके में आज सुबह से एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। लगभग 50 वर्षीय इस व्यक्ति को लावारिस हालत में मृत पाया गया, लेकिन शाम 5 बजे तक भी प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पाकर विभागीय मौजूद, फिर भी शव यथावत पड़ा रहा, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे लोगों ने व्यक्ति को गेट से लगभग 200 मीटर दूर सड़क किनारे पटरी पर मृत अवस्था में देखा। शुरूआत में लोग इसे सोता हुआ समझ रहे थे, लेकिन दोपहर गुजरने के बाद भी उसकी हलचल न होने पर शक हुआ। चिंतितो ने तुरंत स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक वीडियो में साफ दिख रहा है कि शव खुले में पड़ा है और आसपास लोग इकट्ठा होकर चर्चा कर रहे हैं।घटना स्थल पर पहुंचे कुछ स्थानीय निवासियों ने बताया, ₹यह व्यक्ति बाहर का लगता है, उसके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। हमने कई बार फोन किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। शाम होने को है, फिर भी बॉडी हिलाई तक नहीं गई। क्या अगर कोई जानवर आ जाए तो ?₹ एक अन्य ने कहा कि इलाके में अक्सर लावारिस लोग ठहरते हैं, लेकिन इतनी लापरवाही कभी नहीं देखी।मिजार्पुर पुलिस और रेलवे प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सोशल मीडिया पर

यूजर्स ने @Uppolice
, @digmirzapur
@mirzapurpolice

को टैग करके उच्च अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाओं में त्वरित पोस्टमार्टम और जांच जरूरी है, ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके। फिलहाल, स्थानीय लोग उच्चाधिकारियों से मामले को संज्ञान में लेने की अपील कर रहे हैं।यह घटना मिजार्पुर जैसे व्यस्त रेलवे शहर में प्रशासनिक लापरवाही का चेहरा उजागर कर रही है। उम्मीद है कि जल्द ही कार्रवाई होगी और मृतक को उचित सम्मान दिया जाएगा।

# बैंक ऑफ इंडिया ने सहोरा गांव में सतर्कता जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद।सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, शाखा शाहाबाद सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन कर रहा है।इस वर्ष, ‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह’ की थीम ‘सतर्कता हमारी साझी जिम्मेदारी’ है। गुरुवार को सहोरा गांव में आयोजित जागरूकता अभियान सभा में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दीपक गुप्ता ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों, हितधारकों और व्यापक रूप से समाज के प्रति अपने कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही के पोषित लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निदेशों के अनुसार, बैंक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान भ्रष्टाचार को उजागर करने और आंतरिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पदार्फाश तंत्र के बारे में लोगों को जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में नागरिकों को सुग्राही बनाने हेतु ग्राम पंचायतों में जागरूकता लाने के लिए ‘जागरूक ग्राम सभाओं’ का आयोजन करने के अलावा बैंक नागरिकों और ग्राहकों के लिए शिकायत निवारण शिविर भी आयोजित करेगा। कहा कि बैंक के सतर्कता विभाग द्वारा फील्ड पदाधिकारियों के साथ मिलकर कर्मचारियों के लिए प्रश्नोतरी, लेख लेखन, रंगोली और नारा लेखन प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।इस विषय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न सामाजिक अभियान भी चलाए जाते हैं। जागरूकता फैलाने और निवारक सतर्कता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया।जिसमे ग्रामीण जनों के साथ स्टाफ ने भाग लिया। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ने बताया कि सतर्कता जागरूकता अभियान के महत्व पर बाहरी और आंतरिक दोनों हितधारकों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। कहा कि हर वर्ष अक्टूबर के अंतिम सप्ताह के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है, जिस दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल (31 अक्टूबर) का जन्मदिन आता है। यह जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। ग्राहक आउटरीच अभियान एवं ग्राहक जागरूकता अभियान के अंतर्गत सहोरा गांव में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दीपक गुप्ता,पैनल एडवोकेट अनिल श्रीवास्तव, बैंक क्लर्क असलम अंसारी के अलावा सहोरा गांव के ग्रामीणजन राम सागर, सौरभ मिश्र, छायाकार कृष्णपाल सहित अनेक बैंक ग्राहक शामिल रहे।

# परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा परिवारिक विवादों को समाप्त कराया

संवाददाता

चित्रकूट।पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया । आवेदिका रज्जी निषाद पुत्री शीतला प्रसाद निषाद निवासी ग्राम बम्बुरा थाना मऊ जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पति आशीष निषाद पुत्र विजय लाल निवासी तारा का पुरवा थाना कौशांबी जनपद कौशांबी व ससुरालीजन द्वारा प्रार्थिया के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग,गाली गलौज,मारपीट,लड़ाई झगड़ा कर शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना करने के सम्बन्ध में दिया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र रंजना तिवारी, महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह,महिला आरक्षी अनामिका सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया ।

# वृद्ध दम्पत्ति पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने 500 सीसी टीवी फुटेज जांच करने के बाद पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

विरार। विरार पश्चिम के अनाळा क्षेत्र में वृद्ध दम्पत्ति के ऊपर हुए सनसनीखेज हमले का पुलिस ने पदार्फाश कर लिया है। इस हमले में गोवारी परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 72 घंटे की सतत जांच के बाद क्राइम ब्रांच यूनिट-3 ने गुरुवार को मुख्य आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार तड़के करीब 3 बजे अनाळा बंदरपाडा इलाके में हुई, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर धारदार हथियार से गोवारी परिवार पर हमला कर दिया। 76 वर्षीय जगन्नाथ गोवारी,उनकी पत्नी लीला (72) और बेटी नेत्रा गोवारी (52) गंभीर रूप से घायल हो गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनाळा सागरी पुलिस स्टेशन में हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। क्राइम डीसीपी संदीप डोईफोडे ने जानकारी दी कि घटना के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद एक संदिग्ध युवक हुडी में इलाके में घूमता दिखा,जिससे जांच की दिशा स्पष्ट हुई। इसके बाद पुलिस को विरार रेलवे स्टेशन के पास एक लावारिस बाइक मिली, जो अशोक नाईक नामक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड था,जो पीड़ित परिवार के पड़ोसी हैं। तकनीकी साक्ष्य और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को मुंबई से दिपेश अशोक नाईक (उम्र 29) को गिरफ्तार कर लिया। वह मुंबई में एक निजी सुरक्षा एजेंसी में गार्ड के रूप में कार्यरत था और मूल रूप से अनाळा का ही निवासी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी दिपेश नाईक ने ऑनलाइन सट्टेबाजी में लगभग 50 लाख रुपये गवां दिए थे। भारी कर्ज और मानसिक तनाव के चलते उसने लूट की योजना बनाई। हमले के बाद उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए अपनी बाइक को घटना स्थल से तीन किलोमीटर दूर खड़ा कर दिया था, लेकिन क्राइम ब्रांच की बारीक जांच से उसकी यह चाल नाकाम हो गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कई लोगों से उधार लेकर उन्हें भी धोखा दिया था। बढ़ते कर्ज और दबाव ने उसे अपराध की ओर धकेल दिया। आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी के प्रयास में लगी हुई है। पुलिस आयुक्तालय के निर्देशन में क्राइम ब्रांच यूनिट 3 पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे, एपीआई सुहास कांबळे, पीएसआई रामचंद्र पाटील, सफौ शिवाजी पाटील के साथ मुकेश तटकरे, सागर बरवकर, प्रशांत पाटील, राकेश पवार, युवराज वाघमोडे, आतिश पवार, तुषार दळवी, मनोहर तरडे, प्रशांत बोरकर और साइबर टीम के संतोष चव्हाण ने अहम भूमिका निभाई।

# बिड़ला कार्बन को सीएसआर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्यपाल ने किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट। नगर में स्थित निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास, ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार और किसानों की आय बढ़ाने हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों को देखते हुए प्रदान किया गया है। बुधवार को वाराणसी स्थित संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बिड़ला कार्बन के सीएसआर विभाग को दिया गया। कंपनी के यूनिट हेड शिवशंकर सिंह और मानव संसाधन प्रमुख जीवन सिंह बोरा के दिशा-निर्देशन में विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। बिड़ला कार्बन द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इनमें किसानों को निशुल्क उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का वितरण, कौशल विकास प्रशिक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु विशेष है।

# काब्या त्रिपाठी बनीएक दिन की गोरखनाथ थाना प्रभारी

गोरखपुर/ प्रदेश भर में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बुधवार को सेंट जोशेफ स्कूल गोरखनाथ की 11 वीं की छात्रा काव्य त्रिपाठी एक दिन की गोरखनाथ थाना प्रभारी बनी। छात्रा ने इंस्पेक्टर कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई की और पीड़ितों की समस्याओं का समाधान किया। बुधवार को छात्रा काव्या त्रिपाठी गोरखनाथ थाने पहुंचीं और उन्होंने गोरखनाथ थाने का चार्ज ग्रहण किया। थाना प्रभारी गोरखनाथ शशिभूषण राय ने काव्य त्रिपाठी को बुके देकर उनका स्वागत किया छात्रा काव्या त्रिपाठी ने इंस्पेक्टर की कुर्सी पर बैठकर लोगो की समस्याएं सुनी और अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रभारी के तौर पर पुलिसकर्मियों को बताया कि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। समय पर लोगों को न्याय मिलना चाहिए ।कोई भी फरियादी बिना समस्या बताए लौटना नहीं चाहिए। उन्होंने थाने का भ्रमण किया और पुलिस की कार्यशैली को देखा। शिकायत रजिस्टर चेक किया सीसीटीएनएस रूम का निरीक्षण किया

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कुमारी सुहानी बनी एक दिन की ओबरा उप जिलाधिकारी



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज कुमारी सुहानी को एक दिन की उप जिलाधिकारी (रऊट) बनने का अवसर मिला। इस दौरान सुहानी ने आए हुए फरियादियों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया – जो उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को दशार्ता है। सुहानी उच्च प्राथमिक विद्यालय, बिल्ली की होनहार छात्रा हैं, जिनका लक्ष्य है कि भविष्य में अपनी मेहनत और लगन से इसी कुर्सी को स्थायी रूप से हासिल करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह जी, तहसीलदार, कानूनगो, अमीन, अधिवक्तागण तथा क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे। आइए, ऐसी बेटियों के जज्बे को सलाम करें जो अपने सपनों को साकार करने की राह पर हैं!

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

